आचार्य नेमिचन्द्र सिद्धान्तचक्रवर्ति रचित

गोम्मटसार

(कर्मकाण्ड)

भाग-१

सम्पादन-अनुवाद

डॉ. आदिनाथ नेमिनाथ उपाध्ये

सिद्धान्ताचार्य पं. कैलाशचन्द्र शास्त्री

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

गोम्मटसार

जैन-धर्म के जीवतत्त्व और कर्मसिद्धान्त की विस्तार से व्याख्या करनेवाला महान् ग्रन्थ है 'गोम्मटसार'। आचार्य नेमिचन्द्र सिद्धान्तचक्रवर्ती (दसवीं शताब्दी) ने इस वृहत्काय ग्रन्थ की रचना 'गोम्मटसार जीवकाण्ड' और 'गोम्मटसार कर्मकाण्ड' के रूप में की थी। डॉ. आदिनाथ नेमिनाथ उपाध्ये और सिद्धान्ताचार्य पं. कैलाशचन्द्र शास्त्री के सम्पादकत्व में यह ग्रन्थ भारतीय ज्ञानपीठ से सन् १९७८-१९८१ में प्राकृत मूल गाथा, श्रीमत् केशववर्णि-विरचित कर्णाट वृत्ति जीवतत्त्व-प्रदीपिका, संस्कृत टीका तथा हिन्दी अनुवाद एवं विस्तृत प्रस्तावना के साथ पहली बार चार वृहत् जिल्दों (गोम्मटसार जीवकाण्ड, भाग १,२ और गोम्मटसार कर्मकाण्ड, भाग १,२) में प्रकाशित हुआ था। और अब जैन धर्म-दर्शन के अध्येताओं एवं स्वाध्याय-प्रेमियों को समर्पित है ग्रन्थ का यह नया संस्करण, नयी साजसज्जा के साथ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मूर्तिदेवी जैन ग्रन्थमाला : प्राकृत ग्रन्थांक—१६

आचार्य नेमिचन्द्र सिद्धान्तचक्रवर्ति रचित

गोम्मटसार

(कर्मकाण्ड)

भाग-१

[श्रीमत्केशववर्णिविरचित कर्णाटवृत्ति, संस्कृत टीका जीवतत्त्वप्रदीपिका,
हिन्दी अनुवाद तथा प्रस्तावना सहित]

सम्पादन एवं अनुवाद
डॉ. आदिनाथ नेमिनाथ उपाध्ये
सिद्धान्ताचार्य पं. कैलाशचन्द्र शास्त्री



भारतीय ज्ञानपीठ

तृतीय संस्करण : १९९९ □ मूल्य १६५.०० रुपये

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भारतीय ज्ञानपीठ

(स्थापना : फाल्गुन कृष्ण ९, वीर नि. सं. २४७०, विक्रम सं. २०००, १८ फरवरी, १९४४)

स्व० पुण्यश्लोका माता मूर्तिदेवी की पवित्र स्मृति में
स्व० साहू शान्तिप्रसाद जैन द्वारा संस्थापित
एवं
उनकी धर्मपत्नी स्व० श्रीमती रमा जैन द्वारा संपोषित

मूर्तिदेवी जैन ग्रन्थमाला

इस ग्रन्थमाला के अन्तर्गत प्राकृत, संस्कृत, अपभ्रंश, हिन्दी, कन्नड़, तमिल आदि प्राचीन भाषाओं में उपलब्ध आगमिक, दार्शनिक, पौराणिक, साहित्यिक, ऐतिहासिक आदि विविध-विषयक जैन-साहित्य का अनुसन्धानपूर्ण सम्पादन तथा उनका मूल और यथासम्भव अनुवाद आदि के साथ प्रकाशन हो रहा है। जैन-भण्डारों की सूचियाँ, शिलालेख-संग्रह, कला एवं स्थापत्य पर विशिष्ट विद्वानों के अध्ययन-ग्रन्थ और लोकहितकारी जैन-साहित्य ग्रन्थ भी इसी ग्रन्थमाला में प्रकाशित हो रहे हैं।

•

ग्रन्थमाला सम्पादक (प्रथम संस्करण)

सिद्धान्ताचार्य पं. कैलाशचन्द्र शास्त्री
डॉ. ज्योतिप्रसाद जैन

प्रकाशक

भारतीय ज्ञानपीठ

१८, इन्स्टीट्यूशनल एरिया, लोदी रोड, नयी दिल्ली-११० ००३

मुद्रक : नागरी प्रिंटर्स, दिल्ली-११० ०३२

भारतीय ज्ञानपीठ द्वारा सर्वाधिकार सुरक्षित

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

MOORTIDEVI JAIN GRANTHAMALA : Prakrit Grantha No. 16

GOMMAṬASĀRA

(KARMAKĀṆḌA)

of

ACHARYA NEMICHANDRA SIDDHANTACHAKRAVARTI

VOL. I

[With Karṇāṭa-vṛtti, Sanskrit Ṭikā Jivatattvapradipikā,
Hindi Translation & Introduction]

by

Dr. A. N. Upadhye
Siddhantacharya Pt. Kailash Chandra Shastri

BHARATIYA JNANPITH

Third Edition : 1999 □ Price Rs. 195.00

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

BHARATIYA JNANPITH

Founded on Phalguna Krishna 9, Vira N. Sam. 2470 • Vikrama Sam. 2000 • 18th Feb. 1944

MOORTIDEVI JAIN GRANTHAMALA

Founded by
Late Sahu Shanti Prasad Jain
In memory of his late Mother Smt. Moortidevi
and
promoted by his benevolent wife
late Smt. Rama Jain

In this Granthamala Critically edited Jain agamic, philosophical, puranic, literary, historical and other original texts available in Prakrit, Sanskrit, Apabhramsha, Hindi, Kannada, Tamil etc., are being published in the respective languages with their translations in modern languages.
Also
being published are
catalogues of Jain bhandaras, inscriptions, studies, art and architecture by competent scholars, and also popular Jain literature.

•

General Editors (First Edition)

Siddhantacharya Pt. Kailash Chandra Shastri
Dr. Jyoti Prasad Jain

Published by
Bharatiya Jnanpith
18, Institutional Area, Lodi Road, New Delhi-110003

Printed at : Nagri Printers, Delhi-110032

All Rights Reserved by Bharatiya Jnanpith

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रस्तावना

कर्मसिद्धान्त

गोम्मटसारका प्रथम भाग जीवकाण्ड जीवसे सम्बद्ध है और उसका यह दूसरा भाग कर्मकाण्ड कर्मसे सम्बद्ध है। साधारण रूपमें जो कुछ किया जाता है उसे कर्म या क्रिया कहते हैं। जैसे खाना, पीना, चलना, बोलना, सोचना आदि। किन्तु यहाँ कर्म शब्दसे केवल क्रियारूप कर्म विवक्षित नहीं है। महापुराणमें कर्मरूपी ब्रह्माके पर्याय शब्द इस प्रकार कहे हैं—

विधिः स्रष्टा विधाता च दैवं कर्म पुराकृतम्।
ईश्वरश्चेति पर्याया विज्ञेयाः कर्मवेधसः॥ ४।३७॥

अर्थात् विधि, स्रष्टा, विधाता, दैव, पुराकृत कर्म, ईश्वर ये कर्मरूपी ब्रह्माके वाचक शब्द हैं।

कर्मका आशय—

यहाँ कर्म शब्दसे इसी विधाताका ग्रहण अभीष्ट है। हम प्रतिदिन देखते हैं कि जो जीवित हैं एक दिन वे मरणको प्राप्त होते हैं और उनका स्थान नये प्राणी लेते हैं। जीवन और मरणकी यह प्रक्रिया अनादिसे चली आती है। साथ ही हम यह भी देखते हैं कि संसारमें विषमताका साम्राज्य है—कोई अमीर है कोई गरीब। आज जो अमीर है कल वह गरीब हो जाता है और गरीब अमीर बन जाता है। कोई सुन्दर है कोई कुरूप। कोई बलवान् है कोई कमजोर। कोई रोगी है कोई नीरोग। कोई बुद्धिमान् है कोई मूर्ख। यदि यह विषमता विभिन्न कुलोंके या देशोंके मनुष्योंमें ही पायी जाती तब भी एक बात थी। किन्तु एक कुलकी तो बात ही क्या, एक ही माताकी कोखसे जन्म लेनेवाली सन्तानोंमें भी यह पायी जाती है। एक भाई सुन्दर है तो दूसरा असुन्दर। एक भाई बुद्धिमान् है तो दूसरा मन्दबुद्धि। एक भाई शरीरसे स्वस्थ है तो दूसरा जन्मसे रोगी। जिन देशोंमें समाजवाद है वहाँ भी इस प्रकारकी विषमता वर्तमान है। मनुष्योंकी तो बात क्या, पशु योनिमें भी यह विषमता देखी जाती है। एक वे कुत्ते हैं जो पेट भरनेके लिए मारे-मारे फिरते हैं, जिन्हें खाज और घाव हो रहे हैं। दूसरे वे कुत्ते हैं जो पेट-भर दूध-रोटी खाते हैं और मोटरोंमें घूमते हैं। इसका क्या कारण है। इसपर विचारके फलस्वरूप ही दर्शनोंमें आत्मवाद, परलोकवाद और कर्मवादके सिद्धान्त अवतरित हुए हैं। इस कर्मवादके सिद्धान्त को आत्मवादी जैन सांख्ययोग, नैयायिक, वैशेषिक, मीमांसक आदि दर्शन तो मानते ही हैं अनात्मवादी बौद्धदर्शन भी मानता है। इसके लिए राजा मिलिन्द और स्थविर नागसेनका निम्न संवाद द्रष्टव्य है—

राजा बोला—भन्ते! क्या कारण है कि सभी आदमी एक ही तरहके नहीं होते? कोई कम आयुवाले, कोई दीर्घ आयुवाले, कोई बहुत रोगी, कोई नीरोग, कोई भद्दे, कोई सुन्दर, कोई प्रभावहीन, कोई बड़े प्रभाववाले, कोई गरीब, कोई धनी, कोई नीच कुलवाले, कोई ऊँचे कुलवाले, कोई बेवकूफ, कोई होशियार क्यों होते हैं?

स्थविर बोले—महाराज! क्या कारण है कि सभी वनस्पतियाँ एक-जैसी नहीं होतीं? कोई खट्टी, कोई नमकीन, कोई तीती, कोई कड़वी, कोई कसैली और कोई मीठी होती हैं?

भन्ते! मैं समझता हूँ कि बीजोंके भिन्न-भिन्न होनेसे ही वनस्पतियाँ भी भिन्न-भिन्न होती हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

महाराज ! इसी तरह सभी मनुष्योंके अपने-अपने कर्म भिन्न-भिन्न होनेसे वे सभी एक तरहके नहीं हैं। कोई कम आयुवाले, कोई दीर्घ आयुवाले होते हैं।

भगवान् (बुद्ध) ने भी कहा है—हे मानव ! सभी जीव अपने कर्मोंसे ही फलका भोग करते हैं। सभी जीव कर्मोंके आप मालिक हैं। अपने कर्मोंके अनुसार ही नाना योनियोंमें उत्पन्न होते हैं। अपना कर्म ही अपना बन्धु है, अपना कर्म ही अपना आश्रय है, कर्म ही से ऊंचे और नीचे होते हैं।

—मिलिन्द प्रश्न, पृ. ८०-८१।

इसी तरह ईश्वरवादी भी मानते हैं। न्यायमंजरीकार (पृ. ४२) ने कहा है—"संसारमें कोई सुखी है, कोई दुःखी है, किसीको खेती आदि करनेपर विशेष लाभ होता है, किसीको उलटी हानि होती है। किसीको अचानक सम्पत्ति मिल जाती है, किसीपर बैठे-बैठाये बिजली गिर जाती है। ये सब बातें किसी दृष्ट कारणकी वजहसे नहीं होतीं, अतः इनका कोई अदृष्ट कारण मानना चाहिए।"

अन्य दर्शनोंमें कर्मका स्वरूप—

उक्त कर्मसिद्धान्तके विषयमें ऐकमत्य होते हुए भी कर्मके स्वरूप और उसके फलदानके सम्बन्धमें मतभेद है—परलोकवादी सभी दार्शनिकोंका मत है कि हमारा प्रत्येक अच्छा या बुरा कार्य कर्तापर अपना संस्कार छोड़ जाता है। उस संस्कारको नैयायिक[1] और वैशेषिक धर्म या अधर्मके नामसे कहते हैं। योग[2] उसे कर्माशय कहते हैं और बौद्ध[3] उसे अनुशय आदि कहते हैं।

बौद्धग्रन्थ मिलिन्द प्रश्न (पृ. ३९) में लिखा है—

"(मरनेके बाद) कौन जन्म ग्रहण करता है और कौन नहीं ?

जिनमें क्लेश (चित्तका मैल) लगा है वे जन्म ग्रहण करते हैं। और जो क्लेशसे रहित हो गये हैं वे जन्म ग्रहण नहीं करते।

भन्ते ! आप जन्मग्रहण करेंगे या नहीं ?

"महाराज ! यदि संसारकी ओर आसक्ति लगी रहेगी तो जन्मग्रहण करूंगा। और यदि आसक्ति छूट जायेगी तो नहीं करूंगा।"

योगदर्शनमें कहा है—पांच प्रकारकी वृत्तियां होती हैं जो क्लिष्ट भी होती हैं और अक्लिष्ट भी होती हैं। जिन वृत्तियोंका कारण क्लेश होता है और जो कर्माशयके संचयके लिए आधारभूत होती हैं उन्हें क्लिष्ट कहते हैं। अर्थात् ज्ञाता अर्थको जानकर उससे राग या द्वेष करता है और ऐसा करनेसे कर्माशयका संचय होता है। इस प्रकार धर्म-अधर्मको उत्पन्न करनेवाली वृत्तियां क्लिष्ट होती हैं। क्लिष्ट जातीय अथवा अक्लिष्ट जातीय संस्कार वृत्तियोंसे होते हैं और वृत्तियां संस्कारसे होती हैं। इस प्रकार वृत्ति और संस्कारका चक्र सर्वदा चलता रहता है। १-५ व्यास भाष्य।

सांख्यकारिका (६७) में कहा है—

'धर्म-अधर्मको संस्कार कहते हैं। उसीके निमित्तसे शरीर बनता है। सम्यग्ज्ञानकी प्राप्ति होने पर धर्मादि पुनर्जन्म करनेमें समर्थ नहीं रहते। फिर भी संस्कारवश पुरुष ठहरा रहता है। जैसे कुलालके दण्ड-का सम्बन्ध दूर हो जाने पर भी संस्कारवश चाक घूमता है।'

प्रशस्तपाद भाष्य (पृ. २८०-२८१) में कहा है—

'राग और द्वेषसे युक्त अज्ञानी जीव कुछ अधर्म सहित किन्तु प्रकृष्ट धर्ममूलक कामोंके करनेसे ब्रह्म-लोक, इन्द्रलोक, प्रजापति लोक, पितृलोक और मनुष्यलोकमें अपने आशयके अनुरूप इष्टशरीर, इन्द्रिय-

१. 'स कर्मजन्यसंस्कारो धर्माधर्म इतीर्यते'—न्यायमं, (उत्तर भाग) पृ. ४४।
२. क्लेशमूलः कर्माशयः ॥ २-१२। योग द.।
३. 'मूलं भवस्यानुशयः'।—अभिधर्म. ५-१।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विषय और दुःखादिको प्राप्त करता है। तथा कुछ धर्मसहित किन्तु प्रकृष्ट अधर्ममूलक कामोंके करनेसे प्रेतयोनि, तिर्यग्योनि वगैरह स्थानोंमें अनिष्ट शरीर, इन्द्रियविषय और दुःखादिको प्राप्त करता है। इस प्रकार अधर्मसहित प्रवृत्तिमूलक धर्मसे देव, मनुष्य, तिर्यंच और नरकोंमें (जन्म लेकर) पुनः-पुनः संसारबन्ध करता है ॥'

न्यायमंजरीकारने भी उक्त मतको ही व्यक्त करते हुए कहा है—'देव, मनुष्य और तिर्यग्योनिमें जो शरीरकी उत्पत्ति देखी जाती है, प्रत्येक वस्तुको जाननेके लिए जो ज्ञानकी उत्पत्ति होती है, और आत्माका मनके साथ जो सम्बन्ध होता है वह सब प्रवृत्तिका ही परिणाम है। सभी प्रवृत्तियाँ क्रियारूप होनेसे यद्यपि क्षणिक हैं किन्तु उनसे होनेवाला आत्मसंस्कार, जिसे धर्म या अधर्म कहा जाता है, कर्म-फलभोग पर्यन्त स्थिर रहता है।'

इस प्रकार विभिन्न दार्शनिकोंके उक्त मन्तव्योंसे यह स्पष्ट है कि कर्म नाम क्रिया या प्रवृत्तिका है। यद्यपि वह क्षणिक है किन्तु उसका संस्कार फलकाल तक स्थायी रहता है। संस्कारसे प्रवृत्ति और प्रवृत्तिसे संस्कारकी परम्परा अनादि है। इसीका नाम संसार है। किन्तु जैनदर्शनमें कर्ममात्र संस्काररूप नहीं है। उसका स्वरूप आगे कहते हैं—

जैनदर्शनमें कर्मका स्वरूप—

जैन दर्शनमें कर्मके दो प्रकार कहे हैं—एक द्रव्यकर्म और दूसरा भावकर्म। यद्यपि अन्य दर्शनोंमें भी इस प्रकारका विभाग पाया जाता है और भावकर्मकी तुलना अन्य दर्शनोंके संस्कारके साथ तथा द्रव्यकर्मकी तुलना योगदर्शनकी वृत्ति और न्यायदर्शनकी प्रवृत्तिके साथ की जा सकती है तथापि दोनोंमें मौलिक अन्तर है, जैन दर्शनमें कर्म केवल एक संस्कार मात्र ही नहीं है किन्तु एक वस्तुभूत पदार्थ है जो रागी, द्वेषी जीवकी क्रियाका निमित्त पाकर उसकी ओर आकृष्ट होता है और दूध-पानीकी तरह उसके साथ घुल-मिल जाता है। यह पदार्थ है तो भौतिक किन्तु उसका कर्मनाम इसलिए रूढ़ हो गया; क्योंकि वह जीवके कर्म अर्थात् मानसिक, वाचनिक और कायिक क्रियाके साथ आकृष्ट होकर जीवके साथ बँध जाता है।

आशय यह है कि जहाँ अन्य दर्शन राग और द्वेषसे आविष्ट जीवकी क्रियाको कर्म कहते हैं और इस कर्मके क्षणिक होने पर भी तज्जन्य संस्कारको स्थायी मानते हैं वहाँ जैनदर्शनका मत है कि राग-द्वेषसे आविष्ट जीवकी प्रत्येक क्रियाके साथ एक प्रकारका द्रव्य आत्माकी ओर आकृष्ट होता है और उसके राग-द्वेष रूप परिणामोंका निमित्त पाकर आत्माके साथ बन्धको प्राप्त होता है तथा कालान्तरमें वही द्रव्य आत्माको अच्छा या बुरा फल मिलनेमें निमित्त होता है। इसका विशेष स्पष्टीकरण इस प्रकार है—

आचार्य कुन्दकुन्दने पंचास्तिकायमें कहा है—

ओगाढगाढणिचिदो पोग्गलकाएहि सव्वदो लोगो।
सुहुमेहि बादरेहि य णंताणंतेहि विविहेहि ॥६४॥
अत्ता कुणदि सहावं तत्थ गदा पोग्गला सभावेहिं।
गच्छंति कम्मभावं अण्णोण्णागाहमवगाढा ॥६५॥

अर्थ—यह लोक सर्वत्र सब ओरसे अनन्तानन्त विविध प्रकारके सूक्ष्म और बादर कर्मरूप होने योग्य पुद्गलोंसे ठसाठस भरा है। जहाँ आत्मा है वहाँ भी ये पुद्गल काय वर्तमान रहते हैं। संसार अवस्थामें प्रत्येक आत्मा अपने स्वाभाविक चैतन्य स्वभावको न छोड़ते हुए अनादि कालसे कर्मबन्धनसे बद्ध होनेके कारण अनादिसे मोह, राग-द्वेष आदि रूप अविशुद्ध ही परिणाम करता रहता है। वह जब जहाँ मोहरूप, रागरूप, द्वेषरूप अपने भाव करता है तब वहाँ उसके उन भावोंको निमित्त करके जीवके प्रदेशोंमें परस्पर

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अवगाह रूपसे प्रविष्ट हुए पुद्गल स्वभावसे ही कर्मरूपताको प्राप्त होते हैं। जैसे लोकमें अपने योग्य चन्द्र और सूर्यकी प्रभाको पाकर पुद्गल स्कन्ध सन्ध्या, मेघ, इन्द्रधनुष रूपसे बिना किसी अन्य कर्ताके स्वयं परिणमन करते हैं वैसे ही अपने योग्य जीवके परिणामोंको निमित्त करके पुद्गल कर्म भी बिना किसी अन्य कर्ताके अनेक कर्मरूप परिणमन करते हैं।

उन पुद्गलोंको भी कर्म शब्दसे ही कहते हैं क्योंकि जीवकी मन, वचन, कायकी क्रियाका निमित्त पाकर वे उस रूप स्वयं परिणमन करते हैं। जीवकी क्रियाके साथ इस प्रकारके पौद्गलिक कर्मबन्धनको अन्य किसी दर्शनने स्वीकार नहीं किया है। यह केवल जैन सिद्धान्तका ही मत है।

जीव और कर्मका सम्बन्ध अनादि है—

जैनदर्शन सृष्टिका कर्ता-धर्ता-हर्ता कोई ईश्वर नहीं मानता। यह विश्व अनादि और अनन्त है। इसे किसीने न तो बनाया और न कोई सर्वथा नष्ट करता है। परिणमन वस्तुका स्वभाव है, अतः परिणमन सदा हुआ करता है। छह द्रव्योंमें-से जीव और पुद्गल इन दो द्रव्योंका संयोग-वियोग सदा चलता रहता है। इसीका नाम संसार है। जैसे खानसे सोना मैल मिट्टीको लिये हुए ही निकलता है उसी तरह संसारमें अनादि कालसे जीव अशुद्ध दशाके कारण भ्रमण करते हैं। यदि ऐसा न माना जाये तो अनेक आपत्तियाँ उपस्थित होती हैं। यदि जीवको प्रारम्भसे ही शुद्ध मान लिया जाये तो उसकी अशुद्धता सम्भव नहीं है। आन्तरिक अशुद्धताके बिना नवीन कर्मका बन्ध कैसे हो सकता है। यदि शुद्ध जीव भी बन्धनमें पड़ने लगे तो बन्धनको काटनेका उपदेश और उसका आचरण ही व्यर्थ हो जायेगा। इसलिए जीवका प्रारम्भिक रूप जो अनादि है अशुद्ध ही है।

तत्त्वार्थसूत्रमें बन्धका लक्षण इस प्रकार कहा है—

'सकषायत्वात् जीवः कर्मणो योग्यान् पुद्गलानादत्ते स बन्धः' इसकी टीका सर्वार्थसिद्धिका आशय यहाँ दिया जाता है—

कषायके साथ रहनेसे सकषाय कहलाता है। सकषायके भावको सकषायत्व कहते हैं। उससे अर्थात् सकषाय भावसे। यह हेतुनिर्देश है। यह बतलाता है कि जैसे उदरकी पाचक शक्तिके अनुरूप आहारका ग्रहण होता है, उसी प्रकार तीव्र मन्द या मध्यम जैसा कषायभाव होता है उसके अनुरूप कर्मोंमें स्थितिबन्ध और अनुभागबन्ध होता है। यह ज्ञान करानेके लिए हेतुनिर्देश किया गया है।

शंका—आत्मा तो अमूर्तिक है, उसके हाथ नहीं है, तब वह कर्मोंको कैसे ग्रहण करता है।

इसी शंकाको दूर करने लिए 'जीव' शब्द रखा है। जो जीता है अर्थात् प्राणधारण करता है, जिसके पीछे आयुकर्म लगा है वह जीव है। 'कर्मयोग्यान्' पाठसे भी काम चल सकता था। उसके स्थानमें जो 'कर्मणो योग्यान्' पाठ रखा है वह विशेष अर्थका ज्ञान करानेके लिए है। वह विशेष अर्थ है—'कर्मणो जीवः सकषायो भवति।' कर्मके निमित्तसे जीव सकषाय होता है। जो कर्मसे रहित है उसके कषाय नहीं होती। इससे यह बतलाया है कि जीव और कर्मका सम्बन्ध अनादि है। इससे यह आशंका दूर हो जाती है कि अमूर्त जीव मूर्त कर्मसे कैसे बन्धता है। यदि ऐसा न माना जाये अर्थात् बन्धको अनादि न मानकर सादि माना जाये तो आत्यन्तिक शुद्धताके धारी सिद्ध जीवकी तरह शुद्ध जीवके कर्मबन्ध हो नहीं हो सकता।

दूसरा अर्थ होता है—कर्मके योग्य पुद्गलोंको ग्रहण करता है। इस तरह 'कर्मणः'का पहला अर्थ 'कर्मके कारण' बदलकर 'कर्मके योग्य' हो जाता है। 'पुद्गल' शब्द बतलाता है कि कर्म पौद्गलिक है। इससे जो दर्शन अदृष्टको आत्माका गुण मानते हैं उनका निराकरण हो जाता है क्योंकि यदि अदृष्ट (कर्म) आत्माका गुण हो तो वह उसके संसारपरिभ्रमणमें कारण नहीं हो सकता।

अतः मिथ्यादर्शन आदि अभिनिवेशमें भीगे हुए आत्माके सब समयोंमें योगविशेषसे कर्मरूप होनेके

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

योग्य पुद्गलोंके, जो सूक्ष्म, एकक्षेत्रावगाही और अनन्तानन्त प्रदेशी होते हैं—विभागरहित उपश्लेषको बन्ध कहते हैं। जैसे एक विशेष पात्रमें डाले गये विभिन्न रसवाले बीज पुष्प फलोंका परिणमन मदिराके रूपमें हो जाता है उसी प्रकार आत्मामें स्थित पुद्गलोंका योग और कषायके वशसे कर्मरूपसे परिणमन होता है इसीको बन्ध कहते हैं।

इस तरह जैसे जीव और पुद्गल दोनों अनादि हैं। उसी प्रकार दोनोंका सम्बन्ध भी अनादि है। जीवके अशुद्ध रागादि भावोंका कर्म कारण है और जीवके अशुद्ध रागादि भाव उस कर्मके कारण हैं। आशय यह है कि पूर्वमें बद्ध कर्मके उदयसे जीवके रागादि भाव होते हैं, और रागादि भावोंको निमित्त करके जीवके नवीन कर्मका बन्ध होता है। वे नवीन बन्धे कर्म जब उदयमें आते हैं तो उनका निमित्त पाकर जीवके पुनः रागादि भाव होते हैं और उन भावोंका निमित्त पाकर पुनः नवीन कर्मबन्ध होता है। इस प्रकार जीव और कर्मका सम्बन्ध अनादि है।

पंचास्तिकायमें जीव और कर्मके इस अनादि सम्बन्धको जीवपुद्गल कर्मचक्रके नामसे अभिहित करते हुए लिखा है—

'जो खलु संसारत्थो जीवो तत्तो दु होदि परिणामो।
परिणामादो कम्मं कम्मादो होदि गदिसु गदी ॥१२८॥
गदिमधिगदस्स देहो देहादो इंदियाणि जायंते।
तेहिं दु विसयग्गहणं तत्तो रागो व दोसो वा ॥१२९॥
जीवदि जीवस्सेवं भावो संसारचक्कवालम्मि।
इदि जिणवरेहि भणिदो अणादिणिधणो सणिधणो वा ॥'

अर्थ—जो जीव संसारमें स्थित है अर्थात् जन्म और मरणके चक्रमें पड़ा है उसके राग और द्वेषरूप परिणाम होते हैं। परिणामोंसे नये कर्म बन्धते हैं। कर्मोंसे गतियोंमें जन्म लेना पड़ता है, जन्म लेनेसे शरीर होता है। शरीरमें इन्द्रियां होती हैं। इन्द्रियोंसे विषयोंका ग्रहण होता है। विषयोंके ग्रहणसे राग व द्वेषरूप परिणाम होते हैं। इस प्रकार संसाररूपी चक्रमें पड़े हुए जीवके भावोंसे कर्म और कर्मसे भाव होते रहते हैं। यह प्रवाह अभव्य जीवोंकी अपेक्षा अनादि अनन्त है और भव्य जीवकी अपेक्षा सादिमात्र है।

जीव और कर्ममें निमित्त-नैमित्तिक सम्बन्ध—

खानिया तत्त्वचर्चामें प्रथम शंका यह उपस्थित की गई थी—'द्रव्यकर्मके उदयसे संसारी आत्माका विकारभाव और चतुर्गति भ्रमण होता है या नहीं?

इसके समाधानमें कहा गया है कि द्रव्यकर्मोंके उदय और संसारी आत्माके विकारभाव तथा चतुर्गति भ्रमणमें व्यवहारसे निमित्त नैमित्तिक सम्बन्ध है कर्ता-कर्म सम्बन्ध नहीं है। और अपने इस कथनके सम्बन्धमें समयसारकी गाथा ८०–८२ उद्धृत की गयी हैं।

अमृतचन्द्रजीने अपनी टीकामें कहा है—'यतः जीवके परिणामोंको निमित्त करके पुद्गल कर्मरूपसे परिणमन करते हैं और पुद्गल कर्मोंको निमित्त करके जीव भी परिणमन करता है। इस प्रकार जीवके परिणाम और पुद्गलके परिणाममें पारस्परिक हेतुत्वकी स्थापना करनेपर भी परस्परमें व्याप्य-व्यापक भावका अभाव होनेसे जीव और पुद्गलके परिणामोंमें कर्ता कर्मभाव सिद्ध न होनेपर भी निमित्त-नैमित्तिक भावका निषेध न होनेसे एक दूसरेके निमित्तमात्र होनेसे ही दोनोंका परिणाम होता है।

अध्यात्ममें कर्ता-कर्म भाव दो द्रव्योंमें नहीं माना जाता है। क्योंकि उनमें व्याप्य-व्यापक भावका अभाव होता है। जहांतक हम जानते हैं जीव और कर्ममें कर्ताकर्म भाव जो उपादान मूलक होता है कोई नहीं मानता। फिर भी निमित्तको हेतुकर्ता माननेवालोंका ऐसा भाव है कि जीव और कर्म दोनों परस्परमें

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रेरक निमित्त हैं। अर्थात् जीवके परिणामोंसे प्रेरित होकर पुद्गल कर्मरूप परिणमन करता है। और पुद्गलकर्मसे प्रेरित होकर जीव रागादिरूप परिणमन करता है। और इस प्रकारके कथन कर्मकी बलवत्ता दिखानेके लिए किये भी गये हैं। प्रवचनसार गाथा ११७ में कहा है—'नाम संज्ञावाला कर्म अपने स्वभावसे आत्माके स्वभावको अभिभूत करके उसे मनुष्य तिर्यंच नारकी अथवा देव करता है।'

कर्मसिद्धान्तसे सम्बद्ध जितना भी कार्मिक साहित्य मिलता है प्रायः उस सबमें कर्मका वर्णन निमित्त-कर्ताके रूपमें मिलता है। जैसे, जो ज्ञानको आवरण करता है वह ज्ञानावरणीय कर्म है, जो दर्शनको आवरण करता है वह दर्शनावरणीय कर्म है। इसी तरह षट्खण्डागमकी जीवस्थान चूलिकामें धवला टीकाके अन्तर्गत व्युत्पत्ति करते हुए मोहनीयकी व्युत्पत्ति की गयी है जो मोहित किया जाता है वह मोहनीय है। इसपरसे जो शंका और समाधान किया गया है वह द्रष्टव्य है—

मोहणीयं ॥८॥

'मुह्यत इति मोहनीयम्। एवं संते जीवस्स मोहणीयत्तं पसजदि त्ति णासंकणिज्जं, जीवादो अभिण्णम्हि पोग्गलदव्वे कम्मसण्णिदे उवयारेण कत्तारत्तमारोविय तथा उत्तीदो' (पृ. ११)।

शंका—ऐसी व्युत्पत्ति करनेपर तो जीवको मोहनीयत्व प्राप्त होता है।

समाधान—ऐसी आशंका नहीं करनी चाहिये; क्योंकि जीवसे अभिन्न और कर्म नामवाले पुद्गल-द्रव्यमें उपचारसे कर्तृत्वका आरोप करके उस प्रकारकी व्युत्पत्ति की गयी है।

वीरसेन स्वामीका उक्त कथन सर्वत्र लगा लेना चाहिये। कर्म संज्ञावाले पुद्गलद्रव्यमें उपचारसे कर्तृत्वका आरोप करके कर्मसिद्धान्तमें निमित्तकर्ताके रूपमें कथन किया गया है ऐसा माननेमें कोई विसंगति नहीं है।

कर्मसिद्धान्तका समस्त वर्णन द्रव्यकर्म प्रधान है। द्रव्यकर्मको लेकर ही उसमें वर्णन किया गया है।

षट्खण्डागमके वर्गणाखण्डके अन्तर्गत प्रकृति अनुयोगद्वारमें (पु. १३।पृ. २०५) प्रकृतिमें निक्षेपोंका वर्णन करते हुए नोआगमद्रव्य प्रकृतिके दो भेद किये हैं—कर्मप्रकृति और नोकर्मप्रकृति। और कर्मप्रकृतिके ज्ञानावरणादि भेद किये हैं। अतः कर्मसिद्धान्तमें पुद्गलद्रव्य कर्मको लेकर ही वर्णन मिलता है। किन्तु कुन्दकुन्द स्वामीने अपने ग्रन्थोंमें जीव और कर्मके विवेचनमें व्यवहारके साथ निश्चय या परमार्थ स्थितिको भी स्पष्ट किया है।

यहाँ हम पञ्चास्तिकाय गा. ५७-६० से उसकी टीकाका विवरण उपस्थित करते हैं—

गाथा ५७ की टीकामें कहा है—'व्यवहारनयसे जीव द्रव्यकर्मका अनुभवन करता है। और वह अनुभूयमान द्रव्यकर्म जीवके भावोंका निमित्तमात्र कहा जाता है। उसके निमित्तमात्र होने पर कर्ता जीवके द्वारा कर्मभूत भाव किया जाता है। इस तरह जो जिस प्रकारसे जीवके द्वारा भाव किया जाता है वह जीव उस भावका उस प्रकारसे कर्ता होता है।'

उक्त कथनमें उदयागत द्रव्य कर्मोंको जीवके भावोंका निमित्तमात्र कहा है। तथा जीवको ही अपने भावका कर्ता कहा है। जीव द्रव्यका परिणमन जीवमें होता है और पुद्गल द्रव्य का परिणमन पुद्गलमें होता है। जिस समय जीव स्वतन्त्र रूपसे अपने भाव करता है उसी समयमें कर्मका उदय भी होता है। इस तरह दोनोंमें निमित्त नैमित्तिकपना घटित होता है।

कर्मकी उदय, उपशम, क्षय, क्षयोपशम आदि अवस्थाएँ होती हैं। और उसीको निमित्त करके जीवके औदयिक औपशमिक आदि भाव होते हैं। इसलिये गाथा ५२ में भावको कर्मकृत कहा है। क्योंकि कर्मके बिना उदयादि नहीं होते।

इसपरसे गाथा ५९ में यह पूर्वपक्ष उपस्थित किया गया है, यदि जीवका औदयिकादिरूप भाव कर्म-कृत है तो जीव उसका कर्ता नहीं हुआ और जीवको कर्ता माना गया है। इससे यह निष्कर्ष निकलता है

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कि जीव द्रव्यकर्मका कर्ता है। किन्तु ऐसा कैसे हो सकता है; क्योंकि निश्चयनयसे आत्मा अपने भावको छोड़ अन्य कुछ भी नहीं करता ?'

इसके समाधानमें कहा है—व्यवहारसे निमित्तमात्र होने के कारण जीवभावका कर्म कर्ता है। और जीवभाव कर्मका कर्ता है। किन्तु निश्चय से न तो जीवभावोंका कर्ता कर्म है और न कर्मका कर्ता जीव-भाव है। किन्तु वे कर्ता के बिना भी नहीं होते। अतः निश्चयसे जीवभावोंका कर्ता जीव है और कर्मपरिणामोंका कर्ता कर्म है।

यहाँ यह शंका हो सकती है कि द्रव्यकर्मके निमित्तमात्र होनेपर भी जीव अपने भावके करनेमें स्वतन्त्र कैसे कहा जा सकता है इस प्रसंगमें हम अकलंकदेवके तत्त्वार्थराजवार्तिकसे एक उद्धरण देना उचित समझते हैं। पाँचवें अध्यायके प्रथम सूत्रके व्याख्यानमें कहा है कि 'धर्माधर्माकाशपुद्गलाः' यहाँ पर बहुवचन स्वतन्त्रताका बोध करानेके लिए कहा है। वह स्वातन्त्र्य क्या है ? धर्मादिद्रव्य जो गति आदि उपकार करनेके लिए प्रवृत्त होते हैं ऐसा वे स्वयं ही परिणमन करते हैं। उनकी यह प्रवृत्ति पराधीन नहीं है। यही स्वातन्त्र्य यहाँ विवक्षित है। इसपर शंका की गयी—परिणामियोंमें परिणाम बाह्य द्रव्यादिनिमित्तवश पाया जाता है। स्वतन्त्र मानने पर उसका विरोध होता है। समाधानमें कहा गया है—नहीं, बाह्य तो निमित्तमात्र है। गति आदि रूपसे परिणमन करनेवाले जीव पुद्गल गति आदि उपग्रहमें धर्मादि के प्रेरक नहीं हैं।

जीव और कर्ममें भी जो निमित्त-नैमित्तिक सम्बन्ध है वह प्रेरणामूलक नहीं है। अर्थात् न तो जीव-कर्म पुद्गलोंको कर्म रूप परिणमन करनेमें प्रेरक होता है और न उदयागत कर्म जीवको अपने भाव करनेमें प्रेरक होते हैं। यदि कर्मको प्रेरक निमित्त माना जायेगा तो जीवको मुक्तिमें बाधा उपस्थित होगी। यद्यपि ऐसा भी कथन मिलता है। सोमदेव उपासकाध्ययन में कहा है—

'प्रेर्यते कर्म जीवेन जीवः प्रेर्येत कर्मणा।
एतयोः प्रेरको नान्यो नौनाविकसमानयोः ॥' १०६ ॥

किन्तु उक्त कथनमें जीव और कर्मकी स्थितिमें किसी अन्य प्रेरक ईश्वर आदिका निषेध किया है। जीवके अशुद्ध रागादिभावोंका कारण कर्म है और कर्मके कारण रागादिभाव हैं। किन्तु न तो पुद्गलकर्म जीवको रागादिभाव करनेके लिए प्रेरित करता है और न रागादिभाव पुद्गलकर्मोंको कर्म रूप होने के लिए प्रेरित करते हैं। प्रवचनसारमें कहा है—'कर्मरूप होनेके योग्य पुद्गलस्कन्ध अर्थात् जिनमें कर्मरूप परिणमन करनेकी शक्ति है वे पुद्गलस्कन्ध जीवके साथ एक क्षेत्रमें रहते हैं और जीवके परिणाममात्र बाह्य साधनका आश्रय लेकर स्वयमेव कर्मरूपसे परिणमन करते हैं, जीव उनको परिणमाता नहीं है' अतः यह निश्चित होता है कि पुद्गलस्कन्धोंका कर्मरूप करने वाला आत्मा नहीं है ॥१६९॥

आगे पुद्गलबन्ध, जीवबन्ध और उभयबन्धका स्वरूप बतलाते हुए कहा है—

कर्मोंका स्निग्धता और रूक्षता रूप स्पर्श विशेषोंके द्वारा जो परस्परमें एकत्व रूप परिणमन होता है वह केवल पुद्गलबन्ध है और जीवका औपाधिक मोह राग द्वेष पर्यायों के साथ एकत्वरूप परिणाम होता है वह केवल जीवबन्ध है। तथा जीव और कर्म पुद्गलोंके परस्परमें एक दूसरेके परिणाममें निमित्त होनेसे जो विशिष्टतर परस्पर अवगाह है वह उभयबन्ध अर्थात् पुद्गल जीवात्मकबन्ध है ॥१७७॥

यह आत्मा लोकाकाशके समान असंख्यातप्रदेशी होनेसे सप्रदेशी है। उसके प्रदेशोंमें कायवर्गणा, वचनवर्गणा और मनोवर्गणाका अवलम्बन पाकर जैसा परिस्पन्द होता है उसी प्रकारसे कर्मपुद्गल स्वयं परिस्पन्द वाले होते हुए उसमें प्रवेश करते हैं और ठहर जाते हैं। और यदि जीवके मोह राग द्वेष रूप भाव होते हैं तो बन्धको प्राप्त होते हैं। इस तरह द्रव्यबन्धका कारण भावबन्ध है ॥१७८॥ रागरूप परिणत

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आत्मा ही नवीन द्रव्यकर्मसे बन्धता है और रागरहित आत्मा कर्मोंसे छूटता है। अतः निश्चयसे रागपरिणाम ही बन्ध है वही द्रव्यबन्धका साधकतम है ॥१७९॥

इस प्रकारसे आगममें बन्धकी व्याख्या है।

स्वयंका अर्थ अपने रूप नहीं—

प्रवचनसार, समयसार आदिमें इस प्रकरणमें अनेक स्थानोंमें 'स्वयं' शब्द आता है। 'स्वयं' शब्दका अर्थ स्पष्ट है—'अपने-आप' अर्थात् किसीसे प्रेरित होकर नहीं। जैसे हरिवंशपुराणके श्लोकमें कहा है—

'स्वयं कर्म करोत्यात्मा स्वयं तत्फलमश्नुते।
स्वयं भ्राम्यति संसारे स्वयं तस्माद् विमुच्यते ॥'

'आत्मा स्वयं कर्म करता है, स्वयं उसका फल भोगता है। स्वयं संसारमें भ्रमण करता है और स्वयं उससे छूटता है।' इसी प्रकार प्रवचनसारगाथा १६९ की टीकामें भी जो 'स्वयं' शब्द आया है उसका अर्थ भी वही है—अपनेआप।

समयसारमें भी गाथा ११६, ११८, १२१, १२२, १२३, १२४ में 'स्वयं' पद आया है। उनका अर्थ प्रथम हिन्दी टीकाकार पं. जयचन्दजीने सर्वत्र 'अपनेआप' किया है। यहाँ हम टीकानुसार अर्थ देते हैं—

यदि पुद्गलद्रव्य जीवमें आप स्वयं नहीं बँधा है, और कर्मभावसे आप नहीं परिणमता है तो वह पुद्गलद्रव्य अपरिणामी ठहरता है। अथवा कर्मवर्गणा आप कर्मभावसे नहीं परिणमती है तो संसारका अभाव ठहरता है। अथवा सांख्यमतका प्रसंग आता है। यदि जीव पुद्गलद्रव्यको कर्मभावसे परिणमाता है तो आप नहीं परिणमते हुए पुद्गलद्रव्यको चेतनजीव कैसे परिणमाता है। अथवा यदि पुद्गलद्रव्य आप ही कर्मभावसे परिणमता है तो जीव पुद्गलद्रव्यको कर्मभावसे परिणमाता है यह कथन मिथ्या ठहरता है।

तथा जीव कर्मसे स्वयं नहीं बँधा हुआ क्रोधादिभावसे आप नहीं परिणमता तो वह जीव अपरिणामी हुआ। ऐसा होनेपर संसारका अभाव आता है। यदि कोई ऐसा तर्क करे जो क्रोधादि रूप पुद्गल कर्म है वह जीवको क्रोधादि रूप परिणमाता है अतः संसारका अभाव नहीं होगा। तो यहाँ दो पक्ष हैं—जो पुद्गलकर्म क्रोधादि हैं वे अपनेआप अपरिणमतेको परिणमाते हैं कि परिणमतेको परिणमाते हैं। प्रथम तो जो आप नहीं परिणमता हो उसको परिणमानेको पर समर्थ नहीं होता; क्योंकि आपमें जो शक्ति नहीं उसे पर उत्पन्न नहीं कर सकता। यदि स्वयं परिणमता है तो उसे परिणमानेवाले परकी आवश्यकता नहीं है क्योंकि वस्तुकी शक्ति परकी अपेक्षा नहीं करती 'अतः यह ठहरा कि जीव परिणाम स्वभाववाला स्वयं है।'

ऊपर सर्वत्र टीकाकार पं. जयचन्दजीने 'स्वयं' का अर्थ अपनेआप ही किया है, अतः अपनेरूप अर्थ करना ठीक नहीं।

आचार्य वादिराजजीने अपने एकीभाव स्तोत्रमें लिखा है—

'एकीभावं गत इव मया यः स्वयं कर्मबन्धो'

जो कर्मबन्ध स्वयं (अपनेआप) मेरे साथ एकीभावकी तरह प्राप्त हुआ है।

अतः यथार्थमें न तो जीव कर्मको प्रेरित करता है और न कर्म जीवको प्रेरित करता है। दोनों दो स्वतन्त्र विभिन्न द्रव्य हैं। दोनों ही परिणामी हैं। दोनोंमें निमित्त-नैमित्तिक सम्बन्धमात्र है। पुरुषार्थ सिद्ध्युपायमें कहा है—

'इस संसारमें जीवकृत रागादिरूप परिणामोंका निमित्तमात्र पाकर पुद्गल स्वयं ही कर्मरूपसे परिणत हो जाते हैं। और अपने चिदात्मक रागादिभाव रूपसे स्वयं ही परिणमन करनेवाले उस चेतन आत्माके भी पौद्गलिक कर्म निमित्तमात्र होते हैं। इस प्रकार यह आत्मा कर्मकृत भावोंसे असमाहित होते हुए भी अज्ञानी जनोंको सयुक्तके समान प्रतिभासित होता है और इस प्रकारका प्रतिभास ही संसारका बीज है। इस विपरीत

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अभिनिवेशको दूर करके और अपने आत्मस्वरूपको सम्यक्रूपसे निश्चित करके उससे विचलित न होना ही पुरुषार्थ-मोक्षकी सिद्धिका उपाय है। (१२-१५ श्लो.)

अतः यह सिद्ध होता है कि जीव और पुद्गलकर्ममें निमित्त-नैमित्तिकभाव है। किन्तु यह कथन भी बाह्यदृष्टिसे है। अन्तर्दृष्टिसे तो जीवके भावोंमें और कर्ममें निमित्त-नैमित्तिकभाव है, जीव और कर्ममें नहीं। क्योंकि यदि स्वयं जीवको कर्मका निमित्त मान लिया जायेगा तो वह सदा ही कर्ता बना रहेगा और इस तरह मुक्ति नहीं हो सकेगी।

कर्म और जीवमें परस्परमें निमित्त-नैमित्तिक भावको लेकर प्रवचनसार गाथा १२१ की टीकामें जो कथन किया है वह भी द्रष्टव्य है—

उसकी उत्थानिकामें कहा है—परिणामात्मक संसारमें किस कारणसे पुद्गलका सम्बन्ध होता है जिससे वह मनुष्यादि पर्यायरूप होता है? इसके समाधानमें कहा है—'यह जो आत्माका संसार नामक परिणाम है वही द्रव्यकर्मके श्लेषका कारण है।

प्रश्न—उस प्रकारके परिणामका कारण कौन है?

उत्तर—उसका कारण द्रव्यकर्म है। क्योंकि द्रव्यकर्मसे संयुक्त होनेसे ही उस प्रकारका परिणाम पाया जाता है।

प्रश्न—ऐसा होनेसे इतरेतराश्रय दोष आता है, क्योंकि उस प्रकारके परिणाम होनेपर द्रव्यकर्मका श्लेष होता है और उसके होनेपर उस प्रकारके परिणाम होते हैं?

उत्तर—नहीं आता, क्योंकि अनादिसिद्ध द्रव्यकर्मके साथ सम्बद्ध आत्माका जो पूर्वका द्रव्यकर्म है उसको कारण रूपसे स्वीकार किया है। इस प्रकार नवीन द्रव्यकर्म उसका कार्य होनेसे और पुराना द्रव्यकर्म उसका कारण होनेसे आत्माका उस प्रकारका परिणाम द्रव्यकर्म ही है। अतः आत्मा आत्मपरिणामका कर्ता होनेसे उपचारसे द्रव्यकर्मका भी कर्ता है। परमार्थसे आत्मा द्रव्यकर्मका कर्ता नहीं है।

कर्मका कर्ता-भोक्ता कौन—पहले बतला आये हैं कि जैन धर्ममें केवल जीवके द्वारा किये गये अच्छे-बुरे कर्मोंका नाम कर्म नहीं है, किन्तु जीवके कामोंके निमित्तसे आकृष्ट होकर जो पुद्गल परमाणु उस जीवसे बन्धको प्राप्त होते हैं वे भी कर्म कहे जाते हैं। तथा उन पुद्गल परमाणुओंके फलोन्मुख होनेपर उनके निमित्तसे जीवमें जो काम-क्रोधादि भाव होते हैं, वे भी कर्म कहे जाते हैं। पहले प्रकारके कर्मोंको द्रव्यकर्म और दूसरे प्रकारके कर्मोंको भावकर्म कहते हैं। जीवके साथ उनका अनादि सम्बन्ध है। इन कर्मोंके कर्तृत्व और भोक्तृत्वके बारेमें जब हम निश्चयदृष्टिसे विचार करते हैं तो जीव न तो द्रव्यकर्मोंका कर्ता ही प्रमाणित होता है और न उनके फलका भोक्ता ही प्रमाणित होता है; क्योंकि द्रव्यकर्म पौद्गलिक हैं, पुद्गल द्रव्यके विकार हैं, उनका कर्ता चेतन जीव कैसे हो सकता है। चेतनका कर्म चैतन्यरूप होता है और अचेतनका कर्म अचेतनरूप। यदि चेतनका कर्म भी अचेतनरूप होने लगे तो चेतन-अचेतनका भेद नष्ट होनेसे महान् संकर दोष उपस्थित होगा। अतः प्रत्येक द्रव्य स्वभावका कर्ता है, परभावका कर्ता नहीं है। जैसे जल स्वभावसे शीतल होता है। किन्तु आगके सम्बन्धसे उष्ण हो जाता है। यहाँ उष्णताका कर्ता जल नहीं है। उष्णता तो आगका धर्म है। जलमें उष्णता आगके सम्बन्धसे आती है। अतः आगन्तुक है। आगका सम्बन्ध छूटते ही चली जाती है। इसी प्रकार जीवके अशुद्ध भावोंका निमित्त पाकर जो पुद्गल कर्मरूप परिणत होते हैं उनका कर्ता स्वयं पुद्गल ही है, जीव उनका कर्ता नहीं है। जीव तो अपने भावोंका कर्ता है। जैसे सांख्यके मतमें पुरुषके संयोगसे प्रकृतिका कर्तृत्व गुण व्यक्त हो जाता है। और वह सृष्टि प्रक्रियाको उत्पन्न करना शुरू कर देता है तथापि पुरुष अकर्ता ही कहा जाता है, उसी तरह जीवके राग-द्वेषादि रूप अशुद्ध भावोंका निमित्त पाकर पुद्गल द्रव्य उसकी ओर स्वतः आकृष्ट होता है, उसमें जीवका कर्तृत्व नहीं है। जैसे यदि कोई सुन्दर युवा पुरुष

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कार्यवश बाजारसे जाता है और कोई सुन्दरी उसपर मोहित होकर उसकी अनुगामिनी बन जाती है तो इसमें पुरुषका क्या कर्तृत्व है। कर्त्री तो वह स्त्री है, पुरुष तो उसमें निमित्त मात्र है। उसे तो इसका पता भी नहीं रहता।

समयसारमें कहा है—

जीवपरिणामहेदुं कम्मत्तं पुग्गला परिणमंति।
पुग्गलकम्मणिमित्तं तहेव जीवो वि परिणमदि ॥ ८६ ॥
ण वि कुव्वदि कम्मगुणे जीवो कम्मं तहेव जीवगुणे।
अण्णोण्णणिमित्तेण दु परिणामं जाण दोण्हं पि ॥ ८७ ॥
एदेण कारणेण दु कत्ता आदा सएण भावेण।
पुग्गलकम्मकदाणं ण दु कत्ता सव्वभावाणं ॥ ८८ ॥

अर्थ—जीव तो अपने रागद्वेषादिरूप भाव करता है। उन भावोंको निमित्त करके कर्मरूप होनेके योग्य पुद्गल कर्मरूप परिणत हो जाते हैं। तथा कर्मरूप परिणत पुद्गल जब फलोन्मुख होते हैं, तो उनका निमित्त पाकर जीव भी रागद्वेषादिरूप परिणमन करता है। यद्यपि जीव और पुद्गल दोनों एक दूसरेको निमित्त करके परिणमन करते हैं तथापि न तो जीव पुद्गल कर्मोंके गुणोंका कर्ता है और न पुद्गलकर्म जीवके गुणोंका कर्ता है। किन्तु दोनों परस्परमें एक दूसरेको निमित्त करके परिणमन करते हैं। अतः आत्मा अपने भावोंका ही कर्ता है, पुद्गल कर्मकृत समस्त भावोंका कर्ता नहीं है।

सांख्यके दृष्टान्तसे किन्हीं पाठकोंको यह भ्रम होनेकी सम्भावना है कि जैनधर्म भी सांख्यकी तरह जीवको सर्वथा अकर्ता और प्रकृतिकी तरह पुद्गलको ही कर्ता मानता है। किन्तु ऐसी बात नहीं है। सांख्यका पुरुष तो सर्वथा अकर्ता है किन्तु जैनोंकी आत्मा सर्वथा अकर्ता नहीं है। वह आत्माके स्वाभाविक भाव ज्ञान दर्शन सुख आदिका और वैभाविक भाव राग-द्वेष आदिका कर्ता है, किन्तु उनको निमित्त करके पुद्गलोंमें जो कर्मरूप परिणमन होता है उसका वह कर्ता नहीं है। सारांश यह है कि वास्तवमें तो उपादान कारणको ही किसी वस्तुका कर्ता कहा जाता है। निमित्त कारणमें जो कर्ताका व्यवहार किया जाता है वह तो व्यावहारिक है, वास्तविक नहीं है। वास्तविक कर्ता तो वही है, जो स्वयं कार्यरूप परिणत होता है। जैसे घटका कर्ता मिट्टी ही है कुम्हार नहीं। कुम्हारको जो लोकमें घटका कर्ता कहा जाता है उसका केवल इतना ही तात्पर्य है कि घट पर्यायमें कुम्हार निमित्त मात्र है। वास्तवमें तो घट मिट्टीका ही एक भाव है अतः वही उसका कर्ता है। जो बात कर्तृत्वके सम्बन्धमें कही गयी है वही भोक्तृत्वके सम्बन्धमें भी जाननी चाहिए। जो जिसका कर्ता नहीं वह उसका भोक्ता कैसे हो सकता है। अतः आत्मा जब पुद्गल कर्मोंका कर्ता ही नहीं तो उनका भोक्ता कैसे हो सकता है। वह अपने जिन राग-द्वेषादि रूप भावोंका संसारदशामें कर्ता है उन्हींका भोक्ता भी है। जैसे व्यवहारमें कुम्हारको घटका भोक्ता कहा जाता है क्योंकि घटको बेचकर जो कुछ कमाता है उससे अपना और परिवारका पोषण करता है। किन्तु वास्तवमें तो कुम्हार अपने भावोंको ही भोगता है। उसी तरह जीव भी व्यवहारसे स्वकृत कर्मोंके फल-स्वरूप सुख-दुःखादिका भोक्ता कहा जाता है। वास्तवमें तो अपने चैतन्य भावोंका ही भोक्ता है। इस प्रकार कर्तृत्व और भोक्तृत्वके विषयमें निश्चय दृष्टि और व्यवहारदृष्टिके भेदसे द्विविध व्यवस्था है।

निश्चय और व्यवहार—

आगममें कथनकी दो शैलियाँ प्रचलित हैं उनमें-से एकको निश्चय और दूसरीको व्यवहार कहते हैं। ये दोनों दो नय हैं। नय वस्तुस्वरूपको देखनेकी दृष्टिका नाम है। जैसे हमारे देखनेके लिए दो आँखें हैं वैसे ही वस्तुस्वरूपको देखनेके लिए भी दो नयरूप दो दृष्टियाँ हैं। एक नयदृष्टि स्वाश्रित है अर्थात् वस्तुके

Jain Education International　For Private & Personal Use Only　www.jainelibrary.org

स्वाश्रित स्वरूपको देखती है और दूसरी नयदृष्टि पराश्रित है—परके निमित्तसे होनेवाले भावोंको भी उस वस्तुका मानकर देखती है। स्वाश्रित दृष्टि निश्चयनय है और पराश्रित दृष्टि व्यवहारनय है। आगममें इन दोनों नयोंसे जीव और कर्मका कथन किया गया है। निश्चय और व्यवहारकथनके कुछ उदाहरण इस प्रकार हैं—

१. व्यवहारनय कहता है जीव और शरीर एक है। निश्चयनय कहता है जीव और शरीर कभी भी एक नहीं हैं। इन दोनों कथनोंमें-से किसका कथन यथार्थ है और किसका कथन असत्य है यह मोटी बुद्धिवाला भी जान सकता है। क्योंकि मृत्यु होनेपर शरीर पड़ा रहता है और जीव निकल जाता है। अतः जीव और शरीर एक नहीं हैं। इसी तरह आत्मामें कर्मका निमित्त पाकर होनेवाले जो भावादि हैं वे भी व्यवहारसे जीव या जीवके कहे जाते हैं किन्तु यथार्थमें तो वे जीव नहीं हैं। उदाहरणके लिए व्यवहारसे कर्मबन्धके कारण जीवको मूर्तिक कहा जाता है। जिसमें रूप, रस, गन्ध, स्पर्श ये चार गुण होते हैं उसे मूर्तिक कहते हैं। किन्तु जीवमें रूप, रस, गन्ध, स्पर्श आदि नहीं होते। यदि होते तो जीव और पुद्गलमें कोई अन्तर नहीं रहता। इसी तरह कर्मसिद्धान्तमें वर्णित वर्ग, वर्गणा, स्पर्धक, अनुभागस्थान, योगस्थान, स्थितिबन्धस्थान, संक्लेशस्थान, विशुद्धिस्थान, यहाँ तक कि गुणस्थान और जीव समास भी जीवके नहीं हैं। क्योंकि ये सभी पुद्गल द्रव्यके संयोगसे निष्पन्न होते हैं।

इसीसे समयसार (गा. ५६) में कहा है कि रूपसे लेकर गुणस्थान पर्यन्त भाव व्यवहारनयसे जीवके कहे हैं। क्योंकि व्यवहारनय पर्यायाश्रित होनेसे पुद्गलके संयोगवश अनादि सिद्ध बन्धपर्यायको लेकर परके भावोंको परका कहता है। किन्तु निश्चयनय द्रव्याश्रित होनेसे केवल जीवके स्वाभाविक भावको ही जीवका कहता है और प्रभावका निषेध करता है इसलिए निश्चयसे ये जीवके नहीं हैं।

ये सब संसारी जीवोंमें ही पाये जाते हैं। मुक्तजीवोंमें नहीं पाये जाते। इससे सिद्ध है वे सब कर्मके सम्बन्धसे होनेसे आगन्तुक हैं उनके साथ जीवका तादात्म्य सम्बन्ध नहीं हैं, संयोग सम्बन्ध मात्र हैं। संयोग सम्बन्ध दो भिन्न द्रव्योंमें ही होता है।

यदि उक्त सबको जीवका कहा जायेगा तो जीव और अजीवमें कोई अन्तर नहीं रहेगा। इसी तरह एकेन्द्रिय, दोइन्द्रिय, तेइन्द्रिय, चौइन्द्रिय, बादर, सूक्ष्म, पर्याप्त, अपर्याप्त ये सब नामकर्मकी प्रकृतियाँ है। इन्हींके मेलसे चौदह जीव समास बनते हैं। तब उन्हें जीव कैसे कहा जा सकता है ? जैसे किसी व्यक्तिने जन्मसे ही घीका घड़ा देखा था, वह घीसे भिन्न घड़ेको जानता नहीं था उसको समझानेके लिए कहा जाता है कि जो यह घीका घड़ा कहा जाता है वह मिट्टी से बना है घीसे नहीं बना। किन्तु उसमें घी रखा जाता है इससे उसे घीका घड़ा कहा जाता है। इसी प्रकार अज्ञानी लोग अनादिसे अशुद्ध जीवको ही जीव जानते हैं, शुद्ध जीवको नहीं जानते। उनको समझानेके लिए कहा गया है कि यह जो वर्णादि वाला जीव है वह ज्ञानमय है वर्णादिमय नहीं है। अतः प्रसिद्धिवश जीवको वर्णादिमान व्यवहारसे कहा है।

इसी प्रकार जो मिथ्यादृष्टि गुणस्थान हैं ये पौद्गलिक मोहकर्मके उदयसे कहे गये हैं। अतः जैसे जौसे पैदा हुए जौ ही होते हैं उसी तरह ये भी पुद्गल ही हैं जीव नहीं हैं। इसी तरह राग, द्वेष, मोह, कर्म, नोकर्म, वर्ग, वर्गणा, स्पर्द्धक, अध्यवस्थान, अनुभागस्थान, योगस्थान, बन्धस्थान, उदयस्थान, मार्गणास्थान, स्थितिबन्धस्थान, संक्लेशस्थान, विशुद्धिस्थान आदि भी पुद्गल कर्म पूर्वक होनेसे पुद्गल ही हैं जीव नहीं हैं। व्यवहारसे ही इन्हें आगममें जीव कहा है क्योंकि ये परके निमित्तसे जीवमें होते हैं। ऐसी स्थितिमें व्यवहारको सर्वथा सत्य कैसे कहा जा सकता है। वह तो केवल व्यवहार रूपसे ही सत्य है। परमार्थ सत्य तो निश्चयनयका ही विषय है क्योंकि वह जीवके वास्तविक स्वरूपको कहता है जो नित्य अविनाशी है, परके निमित्त से नहीं होता है।

हमने पूर्वमें कहा है कि व्यवहार पराश्रित होता है पर निमित्तसे होनेवाले भावोंको भी जीवका

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कहता है और निश्चयनय स्वाश्रित होता है। इसीसे पहला असत्य और दूसरा सत्य कहलाता है। जैसे जीवकी संसारदशा व्यवहारसे है निश्चयसे नहीं है। तब क्या जीवकी संसारदशा झूठी है? क्या वह संसारी नहीं है? ऐसा प्रश्न होता है। इसका उत्तर है कि जीवकी संसारदशा झूठी नहीं है सच्ची है किन्तु उस दशाको जीवका स्वरूप मानना असत्य है। व्यवहारनय उसे जीवका मानता है। यदि हम व्यवहारनयको सर्वथा सत्य मान बैठें तब तो मुक्ति की चर्चा ही व्यर्थ हो जायेगी। अतः जो केवल व्यवहारको ही यथार्थ मानकर उसीमें रमे रहते हैं उन्हें तो सम्यक्त्वकी प्राप्ति तीन कालमें नहीं हो सकती; क्योंकि उसके लिए आत्माका ज्ञान आवश्यक है और आत्माके ज्ञानके लिए अनात्माका ज्ञान आवश्यक है। आत्मा और अनात्माका भेदज्ञान होनेपर ही सम्यक्त्व हो सकता है और यह ज्ञान निश्चय दृष्टिके बिना सम्भव नहीं है क्योंकि वही दृष्टि आत्माके शुद्ध स्वरूपका बोध कराती है।

प्रवचनसार गा. १८३ में कहा है—

जो जीव और पुद्गलके स्वभावको निश्चित करके यह नहीं देखता कि जीव स्व है और पुद्गल पर है। वहीं मोहवश परद्रव्यको अपना मानता है और उसमें आसक्ति करता है। इस प्रकार भेदविज्ञान न होनेसे जीव परद्रव्यासक्त होता है और भेदज्ञान होनेसे परसे आसक्ति त्याग 'स्व' में प्रवृत्त होता है।

आगे प्रवचनसार गा. १८९ की टीकामें निश्चय और व्यवहारका अविरोध दर्शाते हुए अमृतचन्द्रजीने जो कहा है वह व्यवहार और निश्चय विषयक सब शंकाओंका निराकरण करता है। उन्होंने कहा है—

'रागपरिणाम ही आत्माका कर्म है, वही पुण्य-पापरूप है। रागपरिणामका ही आत्मा कर्ता है, उसीका ग्रहण करनेवाला और उसीका त्याग करनेवाला है, यह शुद्ध द्रव्यका निरूपण करनेवाला निश्चयनय है, और पुद्गल परिणाम आत्माका कर्म है वही पुण्य-पापरूप है, आत्मा पुद्गल परिणामका ही कर्ता है, उसीको ग्रहण करता और छोड़ता है, यह अशुद्ध द्रव्यका कथन करनेवाला व्यवहारनय है। ये दोनों भी नय हैं क्योंकि शुद्धता और अशुद्धता दोनों प्रकारसे द्रव्यकी प्रतीति होती है किन्तु यहाँ (अध्यात्मशास्त्रमें) निश्चयनय साधकतम होनेसे ग्रहण किया गया है। क्योंकि साध्यके शुद्ध होनेसे द्रव्यकी शुद्धताका प्रकाशक होनेसे निश्चयनय साधकतम है किन्तु जीवके अशुद्ध स्वरूपका प्रकाशक व्यवहारनय साधकतम नहीं है।

उक्त कथनमें व्यवहार और निश्चयका कथन तथा दोनोंकी उपयोगिता और अनुपयोगिता अथवा साधकतमता और असाधकतमताको स्पष्ट कर दिया है।

चूँकि सापेक्षनय सत्य और निरपेक्षनय मिथ्या होते हैं। अतः जैसे निश्चय निरपेक्ष व्यवहार मिथ्या है उसी प्रकार व्यवहार निरपेक्ष निश्चय भी मिथ्या है। किन्तु हेय और उपादेयकी दृष्टिसे व्यवहारनय द्वारा प्रतिपादित जीवका अशुद्ध स्वरूप हेय है और निश्चय प्रतिपादित शुद्ध स्वरूप उपादेय है। उसीकी प्राप्तिके लिए सब प्रयत्न है।

किन्तु व्यवहार हेय होते हुए भी प्रारम्भसे ही सर्वथा हेय नहीं है। व्यवहार नयके बिना परमार्थका उपदेश भी अशक्य है। जैसे 'आत्मा' कहनेपर जिन्हें आत्माका परिज्ञान नहीं है, वे कुछ भी नहीं समझते। किन्तु जब व्यवहार नयका अवलम्बन लेकर कहा जाता है कि जो दर्शन-ज्ञान-चारित्रस्वरूप है वह आत्मा है तो वह समझ जाते हैं। किन्तु ऐसा कहनेपर भी अखण्ड-अभेदरूप आत्माकी प्रतीति न होकर खण्ड-भेदरूप आत्माकी प्रतीति होती है जो यथार्थ नहीं है क्योंकि आत्मा तो अखण्ड-अभेदरूप है। यदि कोई व्यवहारके द्वारा प्रतिपादित खण्ड-भेदरूप स्वरूपको ही यथार्थ मान बैठे तो वह मिथ्याज्ञानी ही कहा जायेगा। इस प्रकार जहाँ परमार्थका प्रतिपादक होनेसे व्यवहार उपयोगी है वहाँ यथार्थ स्वरूपका बोध न करा सकनेसे त्याज्य भी है। इसीलिए अमृतचन्द्रजीने कहा है—

'एवं....व्यवहारनयोऽपि परमार्थप्रतिपादकत्वात् उपन्यसनीय....व्यवहारनयो नानुसर्तव्यः।' (गा. ८की टीका)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इसलिए व्यवहारनयको परमार्थका प्रतिपादक होनेसे स्थापित करना तो योग्य है किन्तु उसको सर्वथा उपादेय मानकर उसका अनुसरण करना योग्य नहीं है। इसीसे समयसार गा. ७ में कहा है—

'ज्ञानीके चारित्र, दर्शन, ज्ञान व्यवहारसे कहे हैं। निश्चयसे न ज्ञान है, न चारित्र है, न दर्शन है वह तो ज्ञायक मात्र है।'

तथा गाथा १६ में कहा है—

'साधुको दर्शन, ज्ञान, चारित्रका निरन्तर सेवन करना योग्य है। किन्तु निश्चयसे उन तीनोंको आत्मा ही जानो।'

अर्थात् दर्शन, ज्ञान, चारित्र आत्माके ही पर्याय हैं, कोई भिन्न वस्तु नहीं हैं, अतः साधुको एक आत्माकी ही आराधना करनी चाहिए।

इस तरह व्यवहार भी किन्हीं जीवोंके लिए किन्हीं अवस्थाओंमें उपयोगी होता है। इसीसे आगममें जो कथन किया गया है वह व्यवहार प्रधान है क्योंकि उसके बिना परमार्थका बोध नहीं होता। अतः परमार्थका ज्ञान करानेके लिए आगममें भी व्यवहारप्रधान कथनका निषेध मिलता है। उदाहरणके लिए गोम्मटसारके जीवकाण्डमें बीस प्ररूपणाओंके द्वारा जीवका कथन किया है। अन्तमें कहा है—

गुणजीवठाणरहिया सण्णा पज्जत्तिपाणपरिहीणा।
सेस णवमग्गणूणा सिद्धा सुद्धा सदा होंति॥

सिद्ध सदा शुद्ध होते हैं उनमें गुणस्थान, जीवसमास, संज्ञा, पर्याप्त, प्राण तथा चौदह मार्गणाओंमें-से नौ मार्गणा नहीं होतीं। अर्थात् बीसमें-से केवल छह प्ररूपणाएँ शुद्ध जीवमें होती हैं। अतः चौदहका कथन व्यवहारमूलक है। उससे ही संसारी जीव जीवका यथार्थ स्वरूप समझनेमें समर्थ होते हैं।

समयसारोक्त बन्धका कथन—

समयसारमें भी बन्धतत्त्वका कथन है। उसका भी सार यहाँ दिया जाता है—

जैसे कोई पुरुष शरीरमें तेल लगाकर धूलसे भरी भूमिमें खड़ा होकर व्यायाम कर्म करते हुए अनेक प्रकारके उपकरणोंसे सचित्त-अचित्त वस्तुका घात करते हुए धूलसे लिप्त हो जाता है। उसके धूलसे लिप्त होनेका कारण क्या है? भूमिका स्वभावसे ही धूलिभरा होना तो कारण नहीं है। यदि ऐसा हो तो जिनके शरीरमें तेल नहीं लगा है उनके भी धूलिसे लिप्त होनेका प्रसंग आता है। यही बात शस्त्रोंसे व्यायाम करनेके सम्बन्धमें भी जानना तथा अनेक उपकरणोंसे सचित्त-अचित्त वस्तुका घात करनेके सम्बन्धमें भी जानना। अतः न्यायबलसे यही सिद्ध होता है कि उस पुरुषका तेलसे लिप्त होना ही धूलिसे लिप्त होनेका कारण है।

इसी प्रकार मिथ्यादृष्टि आत्मामें रागादि करता हुआ स्वभावसे ही कर्मयोग्य पुद्गलोंसे भरे लोकमें मन-वचन-कायकी क्रिया करते हुए अनेक प्रकारके उपकरणोंके द्वारा सचित्त-अचित्त वस्तुओंका घात करते हुए कर्मरूपी धूलि बाँधता है। इसमें उसके बन्धका कारण क्या है? लोकका स्वभावसे ही कर्मपुद्गलोंसे भरा होना यदि कारण हो तो लोकके अग्रभागमें विराजमान सिद्धोंके भी कर्मबन्धनका प्रसंग आता है। मन-वचन-कायकी क्रिया भी बन्धका कारण नहीं है। यदि हो तो यथाख्यात संयमके धारियोंके भी कर्म-बन्धनका प्रसंग आता है। अनेक इन्द्रियोंका होना भी बन्धमें कारण नहीं है, यदि हो तो केवलज्ञानियोंके भी बन्धका प्रसंग आता है। सचित्त-अचित्त वस्तुका घात भी बन्धका कारण नहीं है। यदि हो तो समितियोंके पालक मुनिराजोंके भी कर्मबन्धनका प्रसंग आता है। अतः न्यायबलसे यह निष्कर्ष निकलता है कि उपयोगमें रागादिका करना ही बन्धका कारण है॥२३७-२४१॥

आगे रागको अज्ञानमय अध्यवसाय बतलाकर उसे ही बन्धका कारण कहा है। यथा—

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मैं अन्य जीवोंको मारता हूँ या अन्य जीव मुझे मारते हैं जिसके ऐसा अध्यवसाय है वह अज्ञानी होनेसे मिथ्यादृष्टि है। और जिसके नहीं है वह ज्ञानी होनेसे सम्यग्दृष्टी है ॥२४७॥

क्योंकि जीवोंका मरण अपने आयुकर्मके क्षय होनेसे ही होता है और आयुकर्मको कोई दूसरा हर नहीं सकता। वह तो अपने उपभोगसे ही क्षय होता है। अतः कोई कभी भी किसी अन्यका मरण नहीं कर सकता। अतः मैं अन्य जीवको मारता हूँ और अन्य जीव मुझे मारते हैं इस प्रकारका अध्यवसाय निश्चय ही अज्ञान है। इसी तरह मैं अन्य जीवोंको जिलाता हूँ और अन्य जीव मुझे जिलाते हैं ऐसा अध्यवसाय निश्चयसे अज्ञान है। क्योंकि जीवन तो जीवोंके अपने आयुकर्मके उदयसे ही होता है। उसके अभावमें नहीं होता। और आयुकर्म कोई किसीको दे नहीं सकता। वह तो अपने परिणामोंसे ही बंधता है।

मैं अन्य जीवों को दुखी या सुखी करता हूँ और अन्य जीव मुझे दुखी या सुखी करते हैं ऐसा अध्यवसाय निश्चय ही अज्ञान है। क्योंकि सब जीव अपने-अपने कर्मके उदयसे दुखी और सुखी होते हैं। उसके अभावमें उनका सुखी-दुखी होना सम्भव नहीं है। और अपना कर्म कोई किसी को दे नहीं सकता, उसका उपार्जन तो अपने परिणामोंसे ही होता है। अतः कोई कभी भी किसीको दुखी-सुखी नहीं कर सकता।

अतः अन्य जीवोंको मैं मारता हूँ, या नहीं मारता हूँ, उन्हें सुखी या दुखी करता हूँ इस प्रकारका जो अज्ञानमय अध्यवसाय है वही स्वयं रागादिरूप होनेसे उसके शुभ या अशुभ बन्धका कारण होता है।

जीवोंके प्राणोंका घात अपने कर्मोदयकी विचित्रतावश कभी होता है और कभी नहीं होता। किन्तु जो मारनेका अध्यवसाय किया जाता है वह निश्चयसे बन्धका हेतु होता है। इसी प्रकार अहिंसाका अध्यवसाय करना पुण्यबन्धका हेतु है। सारांश यह है कि बन्धका कारण अध्यवसाय है, बाह्य वस्तु बन्धका कारण नहीं है वह तो केवल अध्यवसानका कारण है। अध्यवसानके निषेधके लिए ही बाह्य वस्तुका निषेध है। बाह्य वस्तुके आश्रयके बिना अध्यवसान नहीं होता। इसलिये बाह्यवस्तु परम्परासे बन्धका कारण होती है साक्षात् नहीं, साक्षात् बन्धका कारण तो अध्यवसान ही है। अतः अन्य जीवोंको मैं सुखी करता हूँ या दुःखी करता हूँ इत्यादि अध्यवसान मिथ्या है क्योंकि परका भाव परमें व्यापार नहीं करनेसे स्वार्थ क्रियाकारी नहीं होता।

स्व और परका भेदज्ञान न होनेपर जो जीव संकल्प-विकल्प करता है उसे अध्यवसान कहते हैं। यही बन्धका कारण है। यह कषायके उदयरूप होता है। कषायके उदयसे ही कर्मोंमें स्थितिबन्ध और अनुभागबन्ध होता है। कषायके उदयके अभावमें केवल योगसे तो प्रकृतिबन्ध और प्रदेशबन्ध ही होते हैं। अतः बन्धका प्रमुख कारण कषायोदयरूप अध्यवसान ही होता है। किन्तु आगममें बन्धके कारण चार या पाँच कहे हैं।

मिथ्यात्व अविरति प्रमाद कषाय और योग ये पाँच हैं और प्रमादके बिना चार हैं। तत्त्वार्थसूत्र अ. ८।१ में पाँच कारण कहे हैं। समयसार, गोम्मटसार आदिमें प्रमादको नहीं लिया है इसपरसे यह आशंका होना स्वाभाविक है कि जब बन्धके चार प्रकार हैं और उनके दो ही कारण कहे हैं तब मिथ्यात्व और अविरतिको बन्धका कारण क्यों कहा ?

यहाँ यह बतला देना आवश्यक है कि बन्धके ये कारण क्रमसे ही दूर होते हैं, प्रथम गुणस्थान मिथ्यादृष्टिमें बन्धके पाँचों कारण रहते हैं। दूसरेसे चतुर्थतक मिथ्यात्व नहीं रहता। शेष चार रहते हैं। पाँचवेंमें एक देश अविरतिके साथ बन्धके तीन कारण रहते हैं। छठेमें प्रमाद कषाय योग रहते हैं। सातवेंसे दसवें तक कषाय योग दो ही कारण रहते हैं। आगे तेरहवें तक केवल एक योग रहता है। अतः दसवें गुणस्थान तक चारों बन्ध होते हैं, आगे केवल प्रकृतिबन्ध प्रदेशबन्ध ही होते हैं। इस तरह इन चारों बन्धोंके

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कारण कषाय योग प्रारम्भसे ही रहते हैं फिर भी मिथ्यात्व अविरति और प्रमादको भी बन्धके कारणोंमें कहा है।

यहाँ यह भी स्पष्ट कर देना आवश्यक है कि मोहनीय कर्मके दो भेद हैं—दर्शन मोहनीय और चारित्र मोहनीय। दर्शन मोहनीयका भेद मिथ्यात्व है और चारित्र मोहनीयका भेद कषाय है। उस कषायकी चार जातियाँ हैं, उनमेंसे प्रथम अनन्तानुबन्धी कषाय है। इसका और मिथ्यात्वका ऐसा गठबन्धन है कि एकके बिना दूसरा नहीं जाता। जब दोनोंका ही उपशम आदि होता है तभी जीवको सम्यक्त्व होता है। किन्तु पहले गुणस्थानमें १६ प्रकृतियोंकी बन्धकी व्युच्छित्ति होती है। ये सोलह प्रकृतियाँ केवल पहले गुणस्थानमें ही बँधती हैं आगे मिथ्यात्वका उदय न होनेसे नहीं बँधती हैं। अतः उनके बन्धका मुख्य कारण मिथ्यात्व ही है। अतः मिथ्यात्वको बन्धका कारण कहा है।

मिथ्यात्वके उदयके साथ अनन्तानुबन्धी आदि कषायोंका उदय तो रहता ही है। फिर भी दूसरे गुणस्थानमें मिथ्यात्वका उदय न होनेसे अनन्तानुबन्धीका उदय होते हुए भी उक्त सोलह प्रकृतियोंका बन्ध नहीं होता। अतः उनके बन्धका प्रमुख कारण मिथ्यात्व ही है। अतः कषाय और योगके साथ मिथ्यात्वको भी बन्धका कारण माना गया है। अविरति या असंयमके तीन प्रकार हैं—अनन्तानुबन्धी कषायके उदयरूप, अप्रत्याख्यानावरण कषायके उदयरूप और प्रत्याख्यानावरण कषायके उदयरूप। इस तरह उसे भी बन्धके कारणोंमें गिनाया है।

जीव और कर्मके बन्धका स्वरूप—

जीव एक पृथक् स्वतन्त्र द्रव्य है और पौद्गलिक कर्म एक पृथक् स्वतन्त्र द्रव्य है। इसीसे शुद्ध जीवके साथ पौद्गलिक कर्मका बन्ध नहीं होता किन्तु कर्मसे बद्ध अशुद्धजीवके साथ ही पौद्गलिक कर्मका बन्ध होता है। यह बन्ध संयोगपूर्वक ही होता है। संयोगके बिना तो हो नहीं सकता। किन्तु जीव और कर्मका बन्ध संयोगपूर्वक होनेपर भी केवल संयोगमात्र नहीं है। जैसे दो परमाणुओंका संयोग होनेपर भी यदि उनमें बन्ध न हो तो द्व्यणुक आदि स्कन्ध नहीं बन सकते। इसी तरह जीवका कर्मके साथ बन्ध भी केवल संयोग-मात्र नहीं है।

सर्वार्थसिद्धिमें (५।३३) सूत्रकी उत्थानिकामें यह शंका उठायी है कि द्व्यणुक आदि लक्षण संघात संयोगसे ही हो जाता है या कुछ विशेषता होती है। समाधानमें कहा है कि संयोगके होनेपर एकत्व परिणमन रूप बन्धसे संघातकी उत्पत्ति होती है।

इसी सर्वार्थसिद्धिमें (२।७) सूत्रकी टीकामें शंका की गयी है—यदि कर्मबन्ध रूप पर्यायकी अपेक्षा जीव मूर्त है तो कर्मबन्धके आवेशसे आत्माका ऐक्य हो जानेपर दोनोंमें भेद नहीं रहेगा। उत्तरमें कहा है, बन्धकी अपेक्षा एकत्व है, लक्षणभेदसे नानात्व है।

इससे स्पष्ट है कि जीव और कर्मका बन्ध भी दो परमाणुओंके बन्धकी तरह ही होता है। पंचास्ति-काय गाथा ६७ की टीकामें अमृतचन्द्रजीने लिखा है—

'जीवा हि मोहरागद्वेषस्निग्धत्वात् पुद्गलस्कन्धाश्च स्वभावस्निग्धत्वात् बन्धावस्थायां परमाणुद्वन्द्वानी-वान्योन्यावगाहग्रहणप्रतिबद्धत्वेनावतिष्ठन्ते।'

'जीव तो मोह, राग, द्वेषसे स्निग्ध है, और पुद्गलस्कन्ध स्वभावसे स्निग्ध है। अतः बन्धदशामें दो परमाणुओंकी तरह परस्परमें अवगाहके ग्रहण द्वारा प्रतिबद्ध रूपसे रहते हैं।'

सर्वार्थसिद्धि (५।३७) में कहा है—"ऐसा बन्ध होनेसे पूर्व अवस्थाओंको त्यागकर उनसे भिन्न एक तीसरी अवस्था उत्पन्न होती है। अतः उनमें एकरूपता आ जाती है। अन्यथा सफेद और काले तन्तुके समान संयोग होनेपर भी पारिणामिक न होनेसे सब अलग-अलग ही स्थित रहेगा। परन्तु उक्त विधिसे बन्ध

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

होनेपर ज्ञानावरणादि कर्मोंकी तीस कोड़ाकोड़ी सागर स्थिति बनती है।"

इन उक्त प्रमाणोंसे सिद्ध है कि जीव और कर्मका बन्ध भी उसी प्रकार होता है जैसा दो परमाणुओं-का बन्ध होता है। वह केवल एक क्षेत्रावगाहरूप ही नहीं है। जयसेनाचार्यने 'अन्योन्यावगाहेन संश्लिष्टरूपेण प्रतिबद्धाः' लिखा है। और आचार्य पूज्यपादने 'अविभागेन उपश्लेषः' लिखा है। आचार्य अमृतचन्द्रजीने 'विशिष्टतरः परस्परमवगाहः' लिखा है।

पंचाध्यायी उत्तरार्द्धमें यह शंका की गयी है कि बद्धता और अशुद्धतामें क्या अन्तर है। उसके उत्तरमें कहा है—

बन्धः परगुणाकारा क्रिया स्यात्पारिणामिकी।
तस्यां सत्यामशुद्धत्वं तद्द्वयोः स्वगुणच्युतिः॥ १३०॥

"परगुणाकार जो पारिणामिकी क्रिया होती है उसीका नाम बन्ध है और उसके होनेपर उन दोनोंका अपने-अपने गुणसे च्युत हो जाना अशुद्धता है।" इस तरह अशुद्धता बन्धका कारण भी है और कार्य भी है। क्योंकि बन्धके बिना अशुद्धता नहीं होती।

इस प्रकार शुद्धनयसे जीव शुद्ध है किन्तु व्यवहारनयसे अशुद्ध भी है। शुद्धनय एक और निर्विकल्पक होता है अतः शुद्धनयसे जीव एक चैतन्यस्वरूप है। और व्यवहारनय अनेक और सविकल्पक है। उसके विषय जीवादि नौ पदार्थ हैं। यद्यपि शुद्धनय ही मोक्षमार्गमें उपयोगी माना गया है व्यवहारनय नहीं माना गया। तथापि शुद्धनयकी तरह व्यवहारनय भी न्यायप्राप्त है। क्योंकि जब एक ही जीव अनादि सन्तान-बन्ध पर्यायमात्रसे विवक्षित होता है तब जीव-अजीव आदि नौ पदार्थरूप होता है। यद्यपि ये नौ पदार्थ पर्यायधर्मा होते हैं किन्तु ये केवल जीवकी ही पर्याय नहीं हैं। उसके साथ उपरक्तिरूप उपाधि लगी हुई है। यह उपाधि अनादिकालसे है। इस उपरक्तिको उपाधि मानकर यदि उपेक्षित कर दिया जाये तो नौ पदार्थ नहीं बन सकते। क्योंकि ये नौ पदार्थ जीव और पुद्गलसे भिन्न स्वतन्त्र द्रव्य नहीं हैं और न ये केवल जीव या केवल पुद्गलके होते हैं, किन्तु निमित्त-नैमित्तिक सम्बन्धसे परस्परमें सम्बद्ध जीव और पुद्गलके होते हैं। सारांश यह है कि एक ही जीव नौ पदार्थरूप हो रहा है। किन्तु उस दशामें भी वह शुद्ध अनुभवमें आता है क्योंकि जो उपरक्ति है वह उपाधि होनेसे अभूतार्थ है।

यह सब कथन पंचाध्यायीके उत्तरार्द्धमें विस्तारसे किया है।

अतः जीव और कर्मका सम्बन्ध केवल परस्पर एकक्षेत्रावगाह मात्र ही नहीं है किन्तु विशिष्ट उपश्लेष रूप होता है। तभी तो उसके प्रकृतिबन्ध आदि चार भेद होते हैं और वह जीवके संसार परिभ्रमणका कारण होता है और उसके विनाशके लिए प्रयत्न करना पड़ता है।

कर्म फल कैसे देते हैं—

अन्य दर्शनोंमें भी जीवको कर्म करनेमें स्वतन्त्र माना है किन्तु उसका फल भोगनेमें परतन्त्र माना है। उनकी दृष्टिसे जड़ कर्म स्वयं अपना फल नहीं दे सकता। अतः ईश्वर उसे उसके कर्मोंके अनुसार फल देता है। किन्तु जैनधर्ममें तो ऐसा कोई ईश्वर नहीं है। अतः जीव स्वयं ही कर्म करता है और स्वयं ही उसका फल भोगता है। उदाहरणके लिए एक व्यक्ति दूध पीकर पुष्ट होता है और दूसरा व्यक्ति शराब पीकर मतवाला होता है। क्या इसके लिए किसी दूसरेकी आवश्यकता है? दूधमें बलदायक शक्ति है अतः उसको पीनेवाला स्वयं बलशाली होता है और शराबमें मादकशक्ति है अतः उसे पीनेवाला स्वयं मतवाला होता है। इसी प्रकार जो अच्छे कार्योंके द्वारा शुभ कर्मका बन्ध करता है उसकी परिणति स्वयं अच्छी होती है और जो बुरे कार्योंके द्वारा अशुभ कर्मका बन्ध करता है उसकी परिणति स्वयं बुरी होती है। पूर्व जन्मके अच्छे-बुरे संस्कारवश ही ऐसा होता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आशय यह है कि जीवकी प्रत्येक कायिक, वाचिक और मानसिक क्रियाको निमित्त करके जो पुद्गल कर्म परमाणु जीवकी ओर आकृष्ट होते हैं और राग-द्वेषका निमित्त पाकर उससे बँध जाते हैं उन कर्म परमाणुओंमें भी शराब और दूधकी तरह अच्छा या बुरा करनेकी शक्ति होती है जो चैतन्यके सम्बन्धसे व्यक्त होकर उसपर अपना प्रभाव डालती है तथा उससे प्रभावित हुआ जीव ऐसे कार्य करता है जो उसे सुखदायक या दुःखदायक होते हैं। यदि कर्म करते समय जीवके भाव अच्छे होते हैं तो बँधनेवाले कर्म परमाणुओंपर भी अच्छा प्रभाव पड़ता है और कालान्तरमें अच्छा फल मिलनेमें निमित्त होते हैं। यदि भाव बुरे होते हैं तो उसका प्रभाव भी बुरा पड़ता है और कालान्तरमें फल भी बुरा मिलता है। अतः जीवको फल भोगनेमें परतन्त्र माननेकी आवश्यकता नहीं है। यदि ईश्वरको फलदाता माना जाता है तो जब एक मनुष्य दूसरे मनुष्यका घात करता है तब घातकको दोषका भागी नहीं होना चाहिए; क्योंकि उस मनुष्यके द्वारा ईश्वरने मरनेवालेको मृत्युका दण्ड दिया है। जैसे राजा जिन व्यक्तियोंके द्वारा अपराधियोंको दण्ड देता है वे व्यक्ति अपराधी नहीं माने जाते; क्योंकि वे राजाकी आज्ञाका पालन करते हैं। उसी तरह किसीका घात करनेवाला भी जिसका घात करता है उसके पूर्वकृत कर्मोंका फल भुगताता है क्योंकि ईश्वरने उसके पूर्वकृत कर्मोंकी यही सजा नियत की, तभी तो उसका वध हुआ। यदि कहा जाये कि मनुष्य कर्म करनेमें स्वतन्त्र है अतः घातकका कार्य ईश्वरप्रेरित नहीं है किन्तु उसकी स्वतन्त्र इच्छाका परिणाम है, तो कहना होगा कि संसारदशामें कोई भी प्राणी वास्तवमें स्वतन्त्र नहीं है सभी अपने-अपने कर्मोंसे बँधे हैं। महाभारतमें भी लिखा है—'कर्मणा बध्यते जन्तुः।' प्राणी कर्मसे बँधता है। और कर्मकी परम्परा अनादि है। ऐसी परिस्थितिमें 'बुद्धिः कर्मानुसारिणी' अर्थात् प्राणियोंकी बुद्धि कर्मके अनुसार होती है, इस न्यायके अनुसार किसी भी कामको करने या न करनेमें मनुष्य सर्वथा स्वतन्त्र नहीं है। इसपर-से यह आशंका होती है कि ऐसी दशामें तो कोई भी जीव मुक्तिलाभ नहीं कर सकेगा क्योंकि जीव कर्मसे बँधा है और कर्मके अनुसार जीवकी बुद्धि होती है। किन्तु ऐसी आशंका ठीक नहीं है क्योंकि कर्म अच्छे भी होते हैं और बुरे भी। अतः अच्छे कर्मका अनुसरण करनेवाली बुद्धि मनुष्यको सन्मार्गकी ओर ले जाती है और बुरे कर्मका अनुसरण करनेवाली बुद्धि मनुष्यको कुमार्गकी ओर ले जाती है। सन्मार्गपर चलनेसे क्रमशः मुक्तिलाभ और कुमार्गपर चलनेसे कुगति लाभ होता है। अस्तु,

जब उक्त प्रकारसे जीव कर्म करनेमें सर्वथा स्वतन्त्र नहीं है तब घातकका घातनरूप कर्म उसकी दुर्बुद्धिका ही परिणाम कहा जायेगा, और बुद्धिकी दुष्टता उसके किसी पूर्वकृत कर्मका फल होना चाहिए। किन्तु जब हम कर्मका फल ईश्वराधीन मानते हैं तो उसका प्रेरक ईश्वरको ही कहा जायेगा।

किन्तु यदि हम ईश्वरको फलदाता न मानकर जीवके कर्मोंमें ही स्वतः फलदानकी शक्ति मान लेते हैं तो उक्त समस्या हल हो जाती है। क्योंकि मनुष्यके पूर्वकृत बुरे कर्म उसकी आत्मापर इस प्रकारके संस्कार डाल देते हैं जिससे वह क्रुद्ध होकर हत्या तक कर बैठता है।

किन्तु ईश्वरको फलदाता माननेपर हमारी विचार-शक्ति कहती है कि किसी विचारशील फलदाताको किसी व्यक्तिके बुरे कर्मका फल ऐसा देना चाहिए जो उसकी सजाके रूपमें हो, न कि दूसरोंको उसके द्वारा सजा दिलवानेके रूपमें। उक्त घटनामें ईश्वर घातकसे दूसरेका घात कराता है; क्योंकि उसे उसके द्वारा दूसरेको सजा दिलानी है। किन्तु घातककी जिस दुर्बुद्धिके कारण वह परका घात करता है उस बुद्धिको दुष्ट करनेवाले कर्मोंका उसे क्या फल मिला। अतः ईश्वरको कर्मफलदाता माननेमें इसी तरह अन्य भी अनेक अनुपपत्तियाँ खड़ी होती हैं। जिनमें-से एक इस प्रकार है—

किसी कर्मका फल हमें तत्काल मिल जाता है, किसीका कुछ माह बाद मिलता है, किसीका कुछ वर्ष बाद मिलता है, और किसीका इस जन्ममें नहीं मिलता। इसका क्या कारण है? कर्मफलके भोगमें यह समयकी विषमता क्यों देखी जाती है। ईश्वरेच्छाके सिवाय इसका कोई सन्तोषजनक समाधान

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ईश्वरवादियोंकी ओरसे नहीं मिलता। किन्तु कर्ममें ही फलदानकी शक्ति माननेवाला जैनकर्म-सिद्धान्त उक्त प्रश्नोंका बुद्धिगम्य समाधान करता है जैसा आगे बतलाया जायेगा।

९. कर्मके भेद

कर्मके दो भेद हैं—द्रव्यकर्म और भावकर्म। द्रव्यकर्मके मूल भेद आठ हैं और उत्तर भेद एक सौ अड़तालीस तथा उत्तरोत्तर भेद असंख्यात हैं। ये सब पुद्गलके परिणामरूप हैं क्योंकि जीवकी परतन्त्रतामें निमित्त होते हैं। और भावकर्म चैतन्यके परिणामरूप क्रोधादि भाव हैं उनका तो प्रत्येक जीवको अनुभव होता है; क्योंकि जीवके साथ उनका कथंचित् अभेद है। इसीसे वे पारतन्त्र्य स्वरूप हैं, परतन्त्रतामें निमित्त नहीं हैं। द्रव्यकर्म परतन्त्रतामें निमित्त होता है और भावकर्म चैतन्यका परिणाम होनेसे पारतन्त्र्यस्वरूप होता है। यही दोनोंमें भेद है। जहाँ कर्मसिद्धान्त विषयक ग्रन्थोंमें द्रव्यकर्मकी प्रधानतासे कथन मिलता है वहाँ अध्यात्ममें भावकर्मकी प्रधानतासे वर्णन मिलता है। सब कर्मोंमें प्रधान मोहनीय कर्म है। वही संसारपरिभ्रमणका मुख्य कारण है। प्रवचनसार गा. ८३-८४ में कहा है कि द्रव्य-गुण पर्यायके विषयमें जीवका जो मूढ़ भाव है, जिसका लक्षण तत्त्वको न जानना है, वह मोह है। उससे आच्छादित आत्मा परद्रव्यको आत्मद्रव्य रूपसे, परगुणको आत्मगुण रूपसे और परपर्यायको आत्मपर्याय रूपसे जानता है। अतः रात-दिन पर-द्रव्यके ग्रहणमें लगा रहता है। तथा इन्द्रियोंके वशमें होकर जो पदार्थ रुचता है उससे राग करता है, जो नहीं रुचता उससे द्वेष करता है। इस प्रकार मोह-राग द्वेषके भेदसे मोहके तीन प्रकार अध्यात्ममें कहे हैं। ये सब भावमोह हैं। यह भावमोह कार्य भी है और कारण भी। पूर्वमें बद्धकर्मके उदयसे होता है इसलिए तो कार्य है और नवीन बन्धका कारण होनेसे कारण है। भावमोहको दूर किये बिना द्रव्यमोहसे छुटकारा नहीं हो सकता। क्योंकि भावमोहका निमित्त मिलने पर ही पौद्गलिक कर्म मोहादि द्रव्यकर्म रूप परिणत होते हैं। उनके उदयमें ज्ञानी विवेकी जीव मोहरूप परिणत नहीं होता अतः द्रव्यमोहका नवीन बन्ध नहीं होता। अतः यथार्थमें भावकर्मकी प्रधानता है, द्रव्यकर्मकी नहीं। किन्तु कर्म-सिद्धान्त द्रव्यकर्म प्रधान है। इसीसे कर्मकाण्डके प्रारम्भमें कर्मके दो भेद करके लिखा है—

'पुग्गलपिंडो दव्वं तस्सत्ती भावकम्मं तु ॥६॥

अर्थात् पुद्गलके पिण्डको द्रव्यकर्म कहते हैं और उसमें जो शक्ति है उसे भावकर्म कहते हैं।

उक्त गाथाकी जीवतत्त्वप्रदीपिका टीकामें लिखा है—

'पिण्डगतशक्तिः कार्ये कारणोपचारात् शक्तिजनिताज्ञानादिर्वा भावकर्म भवति।'

'उस पुद्गलपिण्डमें रहनेवाली फल देनेकी शक्ति भावकर्म है। अथवा कार्यमें कारणके उपचारसे उस शक्तिसे उत्पन्न अज्ञानादि भी भावकर्म है।' इस प्रकार कर्म-सिद्धान्तमें पौद्गलिक कर्मोंकी मुख्यतासे वर्णन मिलता है। यद्यपि भावकर्म द्रव्यकर्ममें निमित्त होता है और द्रव्यकर्म भावकर्ममें निमित्त होता है। दोनों ही अनादि होनेसे आगे-पीछेका प्रश्न नहीं है। फिर भी गौणता और मुख्यताकी दृष्टिका भेद है। द्रव्यकर्मकी मुख्यतामें कहा जाता है कि द्रव्यकर्मका निमित्त न मिले तो भावकर्म नहीं हो सकते। और भावकर्मकी मुख्यतामें कहा जाता है कि भावकर्मका निमित्त न मिले तो पुद्गल पिण्ड द्रव्यकर्म रूप नहीं हो सकता। दोनों ही कथन दृष्टिभेदसे यथार्थ हैं। किन्तु मुमुक्षुके लिए प्रथम कथनसे द्वितीय कथन अधिक उपयोगी है। प्रथम कथनसे तो यही ध्वनित होता है कि पुद्गल कर्मोंने ही चेतनको बाँध रखा है। और उनपर हमारा कोई जोर नहीं है। अतः परसे बाँधा जानकर जीव निराश हो जाता है। किन्तु जब वह जानता है कि मेरे भावकर्म ही मेरे बन्धनके मूल हैं उनका निमित्त पाकर पौद्गलिक पिण्ड द्रव्यकर्म रूप होते हैं, तब वह अपने भावोंको सम्हालनेकी चेष्टा करता है। द्रव्य मोहके उदयमें भी भेदज्ञानके द्वारा मोहित नहीं होता। और इस तरह सम्यक्त्वको प्राप्त करके कर्मोंके बन्धनसे सदाके लिए छूट जाता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अतः पुद्गलपिण्डकी शक्तिरूप भावकर्म तज्जनित अज्ञानादि रूप भावकर्मके अभावमें निष्फल होकर झड़ जाते हैं। पुद्गल पिण्डको शक्ति प्रदान करनेवाले जीवके भावकर्म ही हैं, जो जीवकी ही करतूत है।

उक्त दो भेद अन्य दर्शनोंमें नहीं मिलते। प्रायः शास्त्रकारोंने कर्मके भेद दो दृष्टियोंसे किये हैं—एक विपाककी दृष्टिसे और दूसरा विपाककालकी दृष्टिसे। कर्मका फल किस-किस रूप होता है और कब होता है प्रायः इन्हीं दो बातोंको लेकर भेद किये गये हैं। कर्मके भेदोंका उल्लेख तो प्रायः सभी दर्शनकारोंने किया है किन्तु जैनेतर दर्शनोंमेंसे योगदर्शन और बौद्धदर्शनमें ही कर्माशय और उसके विपाकका कुछ विस्तृत वर्णन मिलता है और विपाक तथा विपाककालकी दृष्टिसे कुछ भेद भी गिनाये हैं परन्तु जैनदर्शनमें उसके भेद-प्रभेदों और विविध दशाओंका बहुत ही विस्तृत और सांगोपांग वर्णन है। तथा जैनदर्शनमें कर्मोंके भेद तो विपाककी दृष्टिसे ही गिनाये हैं किन्तु विपाकके होने, न होने, अमुक समयमें होने वगैरहकी दृष्टिसे जो भेद हो सकते हैं उन्हें कर्मोंकी विविध दशाके रूपमें चित्रित किया है। अर्थात् कर्मके अमुक-अमुक भेद हैं और उनकी अमुक-अमुक अवस्थाएँ होती हैं। अन्य दर्शनोंमें इस तरहका श्रेणिविभाग नहीं पाया जाता। जैसा आगे स्पष्ट किया जाता है।

कर्मके दो भेद अच्छा और बुरा तो सभी मानते हैं। इन्हें ही विभिन्न शास्त्रकारोंने शुभ-अशुभ, पुण्य-पाप, कुशल-अकुशल, शुक्ल, कृष्ण आदि नामोंसे कहा है। इसके अतिरिक्त भी विभिन्न दर्शनकारोंने विभिन्न दृष्टियोंसे विभिन्न भेद किये हैं। गीतामें (१।१८) सात्त्विक, राजस, तामस भेद पाये जाते हैं। संचित, प्रारब्ध और क्रियमाण भेद भी किये गये हैं। किसी मनुष्यके द्वारा किया गया जो कर्म है, चाहे वह इस जन्ममें किया गया हो या पूर्व जन्ममें, वह सब संचित कहाता है। इसीका दूसरा नाम अदृष्ट और मीमांसकोंके मतमें अपूर्व है। इन नामोंका कारण यह है कि जिस समय कर्म या क्रिया की जाती है उसी समयके लिए वह दृश्य रहती है। उस समयके बीत जानेपर वह स्वरूपतः शेष नहीं रहती, किन्तु उसके सूक्ष्म अतएव अदृश्य अर्थात् अपूर्व और विलक्षण परिणाम ही शेष रह जाते हैं। उन सब संचित कर्मोंको एक साथ भोगना सम्भव नहीं है। क्योंकि उनमेंसे कुछ परस्पर विरोधी अर्थात् अच्छे और बुरे दोनों प्रकारके फल देनेवाले हो सकते हैं। उदाहरणके लिए कोई संचित कर्म स्वर्गप्रद और कोई नरक ले जानेवाला होता है। अतएव संचितमेंसे जितने कर्मोंके फलोंको भोगना पहले प्रारम्भ होता है उतनेको प्रारब्ध कहते हैं।

लोकमान्य तिलकने अपने गीतारहस्यमें (पृ. २७२) क्रियमाण भेदको ठीक नहीं माना है। उन्होंने लिखा है—

'क्रियमाण....का अर्थ है जो कर्म अभी हो रहा है अथवा जो कर्म अभी किया जा रहा है। परन्तु वर्तमान समयमें हम जो कुछ करते हैं वह प्रारब्ध कर्मका ही परिणाम है। अतएव क्रियमाणको कर्मका तीसरा भेद माननेके लिए हमें कोई कारण नहीं दीख पड़ता।'

वेदान्त सूत्रमें (४।१।१५) कर्मके प्रारब्ध कार्य और अनारब्ध कार्य दो भेद किये हैं। लोकमान्य इन्हें ही उचित मानते हैं।

योगदर्शनमें कर्माशयके दो भेद किये हैं—एक दृष्ट जन्मवेदनीय और दूसरा अदृष्ट जन्मवेदनीय। जिस जन्ममें कर्मका संचय किया है उसी जन्ममें यदि वह फल देता है तो उसे दृष्ट जन्मवेदनीय कहते हैं और यदि दूसरे जन्ममें फल देता है तो उसे अदृष्ट जन्मवेदनीय कहते हैं। दोनोंमेंसे प्रत्येकके दो भेद हैं—एक नियत विपाक, दूसरा अनियत विपाक।

बौद्धदर्शनमें कर्मके भेद कई प्रकारसे गिनाये हैं। यथा—सुखवेदनीय, दुःखवेदनीय, न दुःखसुखवेदनीय तथा कुशल, अकुशल और अव्याकृत। दोनोंका आशय एक ही है—जो सुखका अनुभव कराये, जो दुःखका अनुभव कराये और जो न दुःखका और न सुखका अनुभव कराये। प्रथम तीन भेदोंके भी दो भेद हैं—एक नियत, दूसरा अनियत। नियतके तीन भेद हैं—दृष्टधर्मवेदनीय, उपपद्यवेदनीय और अपरपर्याय-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वेदनीय। अनियतके दो भेद हैं—विपाककाल अनियत और अनियत विपाक। दृष्टधर्मवेदनीयके दो भेद हैं—सहसा वेदनीय और असहसा वेदनीय। शेष भेदोंके भी चार भेद हैं—विपाककाल अनियत। विपाकानियत, विपाकनियत विपाककाल अनियत, नियतविपाक नियतवेदनीय और अनियत विपाक अनियतवेदनीय।

किन्तु जैनदर्शनमें वर्णित कर्मके भेदोंकी तुलनाके योग्य कोई भेद अन्य दर्शनोंमें वर्णित पूर्वोक्त भेदोंमें नहीं पाया जाता। योगदर्शनमें कर्मका विपाक तीन रूपसे बतलाया है—जन्मके रूपमें, आयुके रूपमें और योगके रूपमें। किन्तु अमुक कर्माशय आयुके रूपमें अपना फल देता है, अमुक कर्माशय जन्मके रूपमें अपना फल देता है और अमुक कर्माशय भोगके रूपमें अपना फल देता है यह बात वहाँ नहीं बतलायी है। यदि यह भी वहाँ बतलाया गया होता तो योगदर्शनके आयुविपाकवाले कर्माशयकी जैनदर्शनके आयुकर्मसे और जन्मविपाकवाले कर्माशयकी नामकर्मसे तुलना की जा सकती थी। किन्तु वहाँ तो सभी कर्माशय मिलकर तीनरूप फल देते हैं। जो कर्माशय दृष्टजन्मवेदनीय होता है वह केवल दो ही रूप फल देता है, जन्मान्तरमें न जानेसे उसका विपाक जन्मरूपसे नहीं होता। अन्य दर्शनोंमें वर्णित कर्मके जो भेद पहले गिनाये हैं वे जैनदर्शनमें वर्णित कर्मोंकी विविध दशाएँ हैं जिनका कथन आगे करेंगे।

कर्मशास्त्र अध्यात्मशास्त्र है—

जिसमें एक आत्माको लेकर कथन किया जाता है उसे अध्यात्मशास्त्र कहते हैं। इस प्रकार अध्यात्मशास्त्रका उद्देश्य आत्माके स्वरूपका विचार है। द्रव्यसंग्रह (गा. ५७) और समयसारकी टीकाके अन्तमें 'अपनी शुद्ध आत्मामें अधिष्ठानको अध्यात्म' कहा है। यही अध्यात्मका प्रयोजन है। द्रव्य संग्रहकी गा. १३ में कहा है—

मग्गणगुणठाणेहि य चउदसहि हवंति तह असुद्धणया।
विण्णेया संसारी सव्वे सुद्धा हु सुद्धणया॥

अर्थ—संसारी जीव अशुद्धनयकी दृष्टिसे चौदह मार्गणा तथा चौदह गुणस्थानोंकी अपेक्षा चौदह प्रकारके होते हैं और शुद्धनयसे सब जीव शुद्ध हैं।

इसकी टीकाके अन्तमें टीकाकारने कहा है कि उक्त गाथाके तीन पदोंसे 'गुणजीवा पज्जत्ति' इत्यादि गाथामें जो बीस प्ररूपणा कही हैं, वे धवल, जयधवल, महाधवल नामक तीन सिद्धान्त ग्रन्थोंके बीजपद रूप हैं, उनको सूचित किया है और गाथाके चतुर्थ पाद 'सव्वे सुद्धा हु सुद्धणया' से पंचास्तिकाय, प्रवचनसार, समयसार नामक तीन प्राभृतोंके बीजपदको सूचित किया है।

इस तरह उक्त गाथामें सिद्धान्त या आगम और अध्यात्म दोनोंकी ही कथनीको संगृहीत बतलाया है। साथ ही दोनोंके भेदको भी स्पष्ट किया है। और दोनोंके पारस्परिक सम्बन्धको भी सूचित किया है। उक्त टीकाके अनुसार अध्यात्ममें आत्माके पारमार्थिक शुद्ध स्वरूपका वर्णन होता है और आगम या सिद्धान्तमें उसके व्यावहारिक स्वरूपका कथन होता है। मोक्षके अभिलाषीको इन दोनों ही स्वरूपोंको जानना आवश्यक है, क्योंकि एक उसके शुद्ध स्वरूपको बतलाता है तो दूसरा उसके वर्तमान अशुद्ध स्वरूपको। और अशुद्धता उसके ही कर्मोंका परिणाम है। अतः जबतक वह अपनी वर्तमान परिणतिके कारण कलापोंसे परिचित न होगा तबतक उससे छूटनेका प्रयत्न नहीं करेगा। इस दृष्टिसे कर्मशास्त्र भी अध्यात्म शास्त्रका ही अंग है। इसीसे समयसार नामक अध्यात्मशास्त्रमें संवर, निर्जरा और मोक्षतत्त्वके साथ आस्रव और बन्धतत्त्वका भी विवेचन है। उनके विना शेष तत्त्वोंका कथन ही निरर्थक हो जाता है।

हमारे सामने आत्मा दृश्य नहीं है। दृश्य हैं मनुष्योंके विविध रूप और पशु-पक्षी, कीट-पतंग आदि। जो हमें चलते-फिरते दृष्टिगोचर होते हैं, उनमें कुछ समझदार हैं तो कुछ नासमझ। इन्हींके द्वारा हम जड़

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

और चेतनके भेदको जाननेका प्रयत्न करते हैं। और तब उनको विविध दशाओंका कारण उनके कर्मको बखानते हैं। कर्मसिद्धान्त प्रकट करता है कि जीवकी इन विविध दशाओंका कारण उनका कर्म है। कर्मका अमुक कारणोंसे आस्रव और बन्ध होता है। तथा उनका अमुक परिणाम होता है।

केवल अध्यात्मशास्त्र अर्थात् आत्माके शुद्ध स्वरूपका निरूपण करनेवाले शास्त्रके अध्ययनसे आत्माका एकांगी ज्ञान होता है और केवल उस ज्ञानके बलसे शुद्धात्माको प्राप्त करना शक्य नहीं है। इसीसे आचार्य कुन्दकुन्दने पंचास्तिकाय और प्रवचनसारकी रचना की। इन तीनोंके अध्ययनसे द्रव्य-गुण-पर्यायका स्वरूप, छह द्रव्योंका स्वरूप आदि अनेक आवश्यक बातोंका ज्ञान होता है। फिर भी कर्मसिद्धान्तका ज्ञान नहीं होता। और कर्मसिद्धान्तका ज्ञान न होनेसे शरीरकी रचना, उसमें इन्द्रियोंकी रचना, इन्द्रियोंके द्वारा होनेवाला विषयोंका ग्रहण, उससे होनेवाला रागरूप भावकर्म, उससे नवीन कर्मका बन्ध, बन्धसे पुनर्जन्म आदिका ज्ञान नहीं होता है। उस ज्ञानसे ही शरीर और इन्द्रियोंमें आत्मबुद्धिकी भावना दूर होती है और आत्मामें ही आत्मबुद्धिका विकास होता है; क्योंकि जबतक प्रत्यक्ष अनुभवमें आनेवाली वर्तमान अवस्थाओंके साथ आत्माके सम्बन्धका सच्चा स्पष्टीकरण न हो तब तक दृष्टि उधरसे हटकर अपनी ओर नहीं लग सकती। जब यह ज्ञान होता है कि ये सब रूप वैभाविक हैं, कर्मजन्यविकार हैं तब आत्मस्वरूपकी यथार्थ जिज्ञासा होती है। उसी अवस्थामें आत्माके शुद्ध स्वरूपका उपदेश कार्यकारी होता है।

समयसारमें शुद्ध जीवके स्वरूपके वर्णनमें लिखा है—गुणस्थान, मार्गणास्थान, योगस्थान, उदयस्थान, अनुभागस्थान, बन्धस्थान, स्थितिबन्धस्थान, संक्लेशस्थान, विशुद्धिस्थान आदि जीवके नहीं हैं। इन सबका कथन कर्मशास्त्र विषयक ग्रन्थोंमें है। जिसने उन्हें पढ़ा नहीं वह कैसे इनसे भेदबुद्धि कर सकेगा। अतः कर्मशास्त्र अध्यात्मशास्त्रका अभिन्न अंग है और जो उसकी उपेक्षा करके केवल समयसारमें रमते हैं वे समयसारके मात्र ज्ञाता हो सकते हैं अनुभविता और प्राप्ता नहीं हो सकते।

पं. टोडरमलजी ने अपने मोक्षमार्गप्रकाशक ग्रन्थके आठवें अध्यायमें चारों अनुयोगोंकी उपयोगिता और प्रयोजन बतलाते हुए करणानुयोगके सम्बन्धमें लिखा है—

"कितने ही जीव कहते हैं कि करणानुयोगमें गुणस्थान मार्गणादिका व कर्मप्रकृतियोंका कथन किया....सो उन्हें जान लिया कि 'यह इस प्रकार है', इसमें अपना कार्य क्या सिद्ध हुआ। या तो भक्ति करे, या व्रतदानादि करे या आत्मानुभव करे, इससे अपना भला है।"

उससे कहते हैं—परमेश्वर तो वीतराग हैं, भक्ति करनेसे प्रसन्न होकर कुछ करते नहीं हैं। भक्ति करनेसे कषाय मन्द होती है, उसका स्वयमेव उत्तम फल होता है। सो करणानुयोगके अभ्याससे उससे भी अधिक मन्द कषाय होती है इसलिए इसका फल अति उत्तम होता है। तथा व्रत-दानादि तो कषाय घटानेके बाह्य निमित्तके साधन हैं और करणानुयोगका अभ्यास करनेपर वहाँ उपयोग लग जाये तब रागादिक दूर होते हैं सो यह अन्तरंग निमित्तका साधन है इसलिए यह विशेष कार्यकारी है। तथा आत्मानुभव सर्वोत्तम कार्य है परन्तु सामान्य अनुभवमें उपयोग टिकता नहीं। और नहीं टिकता तब अन्य विकल्प होते हैं। वहाँ करणानुयोगका अभ्यास हो तो उस विचारमें उपयोग लगाता है। यह विचार वर्तमान भी रागादि घटाता है और आगामी रागादि घटानेका कारण है इसलिए यहाँ उपयोग लगाना। जीव कर्मादिके नाना भेद जाने, उनमें रागादिक करनेका प्रयोजन नहीं है। इसलिए रागादि बढ़ते नहीं हैं। वीतराग होनेका प्रयोजन जहाँ-तहाँ प्रकट होता है इसलिए रागादि मिटानेका कारण है। कितने ही कहते हैं—करणानुयोगमें कठिनता बहुत है इसलिए उसके अभ्यासमें खेद होता है।

उनसे कहते हैं—यदि वस्तु शीघ्र जाननेमें आये तो वहाँ उपयोग उलझता नहीं है तथा जानी हुई वस्तुको बारम्बार जाननेका उत्साह नहीं होता, तब पाप कार्योंमें उपयोग लगाता है। इसलिये अपनी बुद्धि के अनुसार कठिनतासे भी जिसका अभ्यास होता जाने उसका अभ्यास करना। तथा तू कहता है—खेद

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

होता है। परन्तु प्रमादी रहनेमें तो धर्म है नहीं। प्रमादसे सुखी रहे वहाँ तो पाप ही होता है इसलिए धर्मके अर्थ उद्यम करना ही योग्य है ऐसा विचारकर करणानुयोगका अभ्यास करना।' (पृ. २९०-२९१)

कर्मशास्त्र करणानुयोगसे सम्बद्ध है। अतः उसकी उपयोगिता निर्विवाद है। वह अनेक प्रकारके आध्यात्मिक शास्त्रीय विचारोंकी खान होनेसे उसका महत्त्व अध्यात्मशास्त्रसे कम नहीं है। यह ठीक है कि अनेक लोगोंको कर्मप्रकृतियोंकी संख्या गणनामें उलझन प्रतीत होती है और इसीसे उन्हें कर्मशास्त्र रुचिकर नहीं लगता। किन्तु इसमें कोई दोष नहीं है, प्रत्युत सांसारिक विषयोंमें भटकते हुए मनको रोकनेके लिए यह एक अच्छा साधन है। विपाकविचयको इसीसे धर्मध्यानके भेदोंमें गिनाया है। उसके चिन्तनमें एकाग्रता आती है उसका अभ्यासी अपने आत्माके परिणामोंके उतार-चढ़ावको सरलतासे आँककर अपना कल्याण करनेमें समर्थ होता है। अतः अध्यात्मरसिक मुमुक्षुको अध्यात्मके साथ कर्मशास्त्रका भी अभ्यास करना चाहिये।

विषय परिचय तथा तुलना—

कर्मकाण्डकी गाथा संख्या ९७२ है। उसमें नौ अधिकार हैं—(१) प्रकृति समुत्कीर्तन (२) बन्धोदय सत्त्व (३) सत्त्वस्थानभंग (४) त्रिचूलिका (५) स्थान समुत्कीर्तन (६) प्रत्यय (७) भाव चूलिका (८) त्रिकरण चूलिका (९) कर्म स्थिति रचना।

प्रथम खण्ड जीवकाण्डकी प्रस्तावनामें हम यह लिख आये हैं कि यह एक संग्रहग्रन्थ है, षट् खण्डागम तथा उसकी धवलाटीकाके आधारपर इसका संकलन हुआ है। कर्मकाण्डमें ग्रन्थकारने अपने सम्बन्धमें लिखा है—

जह चक्केण य चक्की छक्खंडं साहियं अविग्घेण।
तह मइचक्केण मया छक्खंडं साहियं होदि॥

अर्थात् जैसे चक्रवर्ती चक्रके द्वारा निर्विघ्नता पूर्वक छह खण्डोंको साधता है वैसे ही मैंने अपनी बुद्धि रूपी चक्रके द्वारा छह खण्डोंको साधा है।

यह छह खण्ड षट्खण्डागम हैं। अतः ग्रन्थकारने मुख्य रूपसे उसीका अनुगम इस ग्रन्थकी रचनामें किया है। किन्तु पंचसंग्रह नामक ग्रन्थ गोम्मटसार तथा धवलाटीकासे पूर्वमें रचा गया था और उसमें भी वही विषय है जो गोम्मटसारमें है। अतः उसका भी प्रभाव इस ग्रन्थपर हो सकता है जैसा आगेके विवरणसे प्रकट होगा।

१. प्रकृति समुत्कीर्तन—

प्रथम अधिकारका नाम प्रकृति समुत्कीर्तन है। ग्रन्थकारने प्रथम गाथामें प्रकृति समुत्कीर्तनको कहनेकी प्रतिज्ञा की है।

षट् खण्डागमके प्रथमखण्ड जीव स्थानकी चूलिकामें तीसरा सूत्र है—

'इदाणिं पयडि समुक्कित्तणं कस्सामो।'

इसका टीकामें अर्थ किया है—प्रकृतियोंके स्वरूपका निरूपण। तथा लिखा है कि प्रकृति समुत्कीर्तनको जाने विना स्थान समुत्कीर्तन आदिको नहीं जाना जा सकता। उसके दो भेद हैं—मूल प्रकृति समुत्कीर्तन और उत्तर प्रकृति समुत्कीर्तन।

आगे चूलिकामें सूत्रकारने क्रमसे सूत्रोंद्वारा आठों कर्मोंका नाम और फिर प्रत्येकके उत्तर भेदोंका कथन किया है और टीकाकार वीरसेनने अपनी धवलामें प्रत्येकका व्याख्यान किया है। और इस तरह प्रकृति समुत्कीर्तन नामक चूलिकाके मूल सूत्र छियालीस हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

किन्तु आचार्य नेमिचन्द्रजीने अपने कर्मकाण्डमें गाथा ८ से २१ तक मूल प्रकृतियोंके नाम, उनका कार्य, क्रम आदि बतलाकर गाथा २२ में उनकी उत्तर प्रकृतियोंके भेदोंकी संख्यामात्र बतलायी है तथा आगे दर्शनावरणके भेद पाँच निद्राओंका स्वरूप तीन गाथाओंसे कहा है। गाथा २६ में दर्शन मोहके भेद मिथ्यात्व-का तीन रूप होनेका कथन किया है। गाथा २७ में नामकर्मके भेद शरीर नामकर्मके संयोगी भेदोंका कथन है। गाथा २८ में शरीरके आठ अंग बतलाये हैं। गाथा २९-३२ में किस संहननसे मरकर किस गतिमें जीव जाता है इसका कथन है। ३३ वीं गाथामें आतप और उष्ण नामकर्ममें अन्तर बतलाया है। इस तरह कुछ प्रकृतियोंका विशेष कार्यमात्र बतलाया है। इसको लेकर कई दशक पूर्व अनेकान्त पत्रमें बड़ा विवाद चला था और इसको त्रुटि बतलाते हुए उसकी पूर्तिका भी प्रयत्न किया गया था। यह सब विवाद वीरसेवा मन्दिरसे प्रकाशित पुरातन जैन वाक्य सूचीकी प्रस्तावना (पृ. ७५ आदि) में दिया है।

उस समय स्व. पं. लोकनाथजीने मूडबिद्रीके सिद्धान्त मन्दिरके शास्त्रभण्डारमें जीवकाण्ड कर्मकाण्ड-की मूल प्रतियोंको खोजकर ३० दिसम्बर सन् ४० को स्व. पं. जुगलकिशोरजी मुख्तारको सूचित किया था कि विवादस्थ कई गाथाएँ इस प्रतिमें सूत्ररूपमें हैं और वे सूत्र कर्मकाण्डके प्रकृति समुत्कीर्तन अधिकार की जिस-जिस गाथाके बाद मूल रूपमें पाये जाते हैं उनकी सूचनाके साथ उनकी एक नकल भी भेजी थी। स्व. मुख्तार सा. ने पुरातन जैन वाक्य सूचीकी अपनी प्रस्तावनामें वे सूत्र दिये हैं।

मुख्तार सा. ने लिखा था—ऐसा मालूम होता है कि गद्यसूत्र टीका-टिप्पणका अंश समझे जाकर लेखकोंकी कृपासे प्रतियोंमें छूट गये हैं और इसलिए उनका प्रचार नहीं हो पाया। परन्तु टीकाकारोंकी आँखोंसे वे सर्वथा ओझल नहीं रहे हैं। उन्होंने अपनी टीकाओंमें इन्हें ज्योंके त्यों न रखकर अनुवादित रूपमें रखा है और यही उनकी सबसे बड़ी भूल हुई है जिससे मूल सूत्रोंका प्रचार रुक गया है और उनके प्रभावमें ग्रन्थका यह अधिकार त्रुटिपूर्ण जँचने लगा। चुनांचे कलकत्तासे जैन सिद्धान्त प्रकाशिनी संस्था द्वारा दो टीकाओंके साथ प्रकाशित इस ग्रन्थकी संस्कृत टीकामें (और तदनुसार भाषा टीकामें भी) ये सब सूत्र प्रायः ज्योंके त्यों अनुवादके रूपमें पाये जाते हैं जिसका एक नमूना २५वीं गाथाके साथ पाये जानेवाले सूत्रोंका इस प्रकार है—

मूल—"वेदनीयं दुविहं सादावेदणीयमसादावेदणीयं चेइ।
मोहणीयं दुविहं दंसणमोहणीयं चारित्तमोहणीयं चेई॥
दंसणमोहणीयं बंधादो एयविहं मिच्छत्तं।
उदयं पडुच्च तिविहं मिच्छत्तं सम्मामिच्छत्तं सम्मत्तं चेइ॥"

सं. टीका—"वेदनीयं द्विविधं सातावेदनीयमसातावेदनीयं चेति।
मोहनीयं द्विविधं दर्शनमोहनीयं चारित्रमोहनीयं चेति।
तत्र दर्शनमोहनीयं बन्धविवक्षया मिथ्यात्वमेकविधं।
उदयं सत्त्वं प्रतीत्य मिथ्यात्वं सम्यग्मिथ्यात्वं सम्यक्त्व प्रकृतिश्चेति त्रिविधम्।"

आदरणीय स्व. मुख्तार सा. की सम्भावनाको अस्वीकार नहीं किया जा सकता। सम्भव है ऐसा ही हो। कर्मकाण्डपर उपलब्ध प्रथम टीका कर्नाटक भाषामें जीवतत्त्वप्रदीपिका है। उसीका रूपान्तर संस्कृत टीका है। दोनों टीकाओंमें मूल गाथाओंकी संख्या ९७२ है किन्तु मूडबिद्रीवाली मूल प्रतिमें गाथा संख्या ८७२ है ऐसा स्व. पं. लोकनाथजीने सूचित किया था। सम्भव है क्रमसंख्यामें सौ की भूल हो गयी हो। लेखकोंके प्रमादसे ऐसा हो जाता है। किन्तु कर्नाटक टीकाके रचयिताको जो करणानुयोगके प्रकाण्ड पण्डित थे और जिन्हें सिद्धान्त चक्रवर्ती अभयसूरिका शिष्यत्व प्राप्त था, ऐसा भ्रम कैसे हुआ कि उन्होंने मूलको टीका-टिप्पण समझकर मूलमें सम्मिलित नहीं किया और उसका अनुवाद अपनी टीकामें दिया, यह चिन्त्य है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दि. प्राकृत पञ्चसंग्रहके दूसरे अधिकारका नाम भी प्रकृतिसमुत्कीर्तन है। उसकी भी मंगलगाथामें प्रकृतिसमुत्कीर्तनको कहनेकी प्रतिज्ञा की गयी है। उसमें बारह गाथाएँ हैं और कुछ प्राकृत सूत्र हैं।

प्रथम चार गाथाओंमें-से मंगल गाथाको छोड़कर शेष तीन गाथाएँ कर्मकाण्डमें २०, २१, २२ संख्याको लिये हुए पायी जाती हैं। २२वीं गाथामें थोड़ा-सा परिवर्तन किया गया है।

पंचसंग्रहमें आठों कर्मोंकी प्रकृतियोंकी संख्या बतलाकर प्रकृतियोंके नामादिका कथन गद्य सूत्रों द्वारा ही किया गया है। उसीका अनुसरण नेमिचन्द्राचार्यने भी किया था ऐसा मूड़बिद्रीके भण्डारकी कर्मकाण्ड-की प्रतिसे ज्ञात होता है। पंचसंग्रहमें गद्य सूत्रोंके द्वारा क्रमसे सब प्रकृतियोंका निर्देश किया है। कर्मकाण्डमें बीच-बीचमें गाथासूत्र देकर प्रकृतियोंके सम्बन्धमें आवश्यक उपयोगी कथन भी किया है। अतः मूड़बिद्रीकी कर्मकाण्डकी प्रतिमें वर्तमान गद्य गाथासूत्र कर्मकाण्डके अंग हो सकते हैं। कर्मकाण्डकी कन्नड़ और संस्कृत टीकामें उन सूत्रोंका भाषान्तर अक्षरशः पाया जाना भी उसका समर्थन करता है।

इस प्रकृतिसमुत्कीर्तनमें चार घातिकर्मोंकी सर्वघाती और देशघाती प्रकृतियाँ तथा सब कर्मोंकी पुण्य और पाप या प्रशस्त-अप्रशस्त प्रकृतियाँ नामोल्लेखपूर्वक गिनायी हैं। तथा विपाककी अपेक्षा उनके चार भेदों में भी पृथक्‌से गिनायी हैं। वे भेद हैं—पुद्गलविपाकी, भवविपाकी, क्षेत्रविपाकी और जीवविपाकी। आगे कर्ममें चार निक्षेपोंको घटित किया है। इसी प्रसंगमें ज्ञायकशरीर नोआगम द्रव्यकर्मके तीन भेदोंमें-से भूत शरीरके च्युत-च्यावित और त्यक्त भेदोंका स्वरूप कहा है। मूल और उत्तर प्रकृतियोंमें चारों निक्षेपोंको सुगम बतलाकर नोकर्म द्रव्यकर्मका ही विवेचन किया है। जिस-जिस प्रकृतिका जो-जो उदयफलरूप कार्य होता है उस-उस कार्यमें जो बाह्य वस्तु निमित्त होती है उस वस्तुको उस प्रकृतिका नोकर्म कहते हैं। इस कथनके साथ यह प्रथम अधिकार समाप्त होता है।

यहाँ हम चूलिकामें आगत आठ कर्म सम्बन्धी आठ सूत्रोंकी धवलाटीकाका संक्षिप्त अनुवाद उपस्थित करते हैं उससे पाठक आठों कर्मों का स्वरूप समझ सकेंगे।

णाणावरणीयं ॥ ५ ॥

जो ज्ञानको आवरण करता है वह ज्ञानावरणीय कर्म है।

शंका—ज्ञानावरणके स्थानपर ज्ञानविनाशक क्यों नहीं कहा ?

समाधान—नहीं, क्योंकि जीवके लक्षणस्वरूप ज्ञान और दर्शनका विनाश नहीं होता। यदि ज्ञान और दर्शनका विनाश माना जाये तो जीवका भी विनाश हो जायेगा; क्योंकि लक्षणसे रहित लक्ष्य नहीं पाया जाता।

शंका—ज्ञानका विनाश नहीं माननेपर सभी जीवोंके ज्ञानका अस्तित्व प्राप्त होता है ?

समाधान—उसमें कोई विरोध नहीं है; क्योंकि अक्षरका अनन्तवाँ भाग नित्य उद्घाटित रहता है ऐसा सूत्रमें कहा है। अतः सब जीवोंके ज्ञानका अस्तित्व सिद्ध है।

शंका—यदि ऐसा है तो सब अवयवोंके साथ ज्ञानकी उपलब्धि होना चाहिए।

समाधान—ऐसा कहना ठीक नहीं है; क्योंकि आवरण किये गये ज्ञानके भागोंकी उपलब्धि माननेमें विरोध आता है।

शंका—आवरण सहित जीवमें आवरण किये गये ज्ञानके भाग क्या हैं अथवा नहीं हैं ? यदि हैं तो उन्हें आवरित नहीं कहा जा सकता ; क्योंकि जो सर्वात्मना सत् हैं उनको आवरित माननेमें विरोध आता है। यदि नहीं हैं तो उनका आवरण नहीं माना जा सकता ; क्योंकि आवियमाणके अभावमें आवरणके अस्तित्वका विरोध है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

समाधान—द्रव्यार्थिक नयका अवलम्बन करनेपर आवरण किये गये ज्ञानके भाग सावरण जीवमें भी होते हैं ; क्योंकि जीवद्रव्यसे भिन्न ज्ञानका अभाव है। अथवा ज्ञानके विद्यमान अंशोंसे आवृत ज्ञानके अंश अभिन्न हैं।

शंका—ज्ञानके आवृत और अनावृत अंश एक कैसे हो सकते हैं ?

समाधान—नहीं, क्योंकि राहु और मेघोंके द्वारा सूर्य और चन्द्रके आवृत और अनावृत भागोंमें एकता पायी जाती है।

शंका—ज्ञानको आवियमाण कैसे कहा ?

समाधान—अपने विरोधी द्रव्यका सामीप्य होनेपर भी जो मूलसे नष्ट नहीं होता उसे आवियमाण कहते हैं और दूसरेको आवारक कहते हैं। विरोधी कर्मद्रव्यका सामीप्य होनेपर भी ज्ञानका निर्मूल विनाश नहीं होता। वैसा होनेपर जीवके विनाशका प्रसंग आता है। इसलिए ज्ञान आवियमाण है और कर्मद्रव्य आवारक है।

शंका—जीव से भिन्न पुद्गल के द्वारा जीवके लक्षण ज्ञानका विनाश कैसे किया जाता है ?

समाधान—यह कोई दोष नहीं है; क्योंकि जीवद्रव्यसे भिन्न घट-पट, स्तम्भ, अन्धकार आदि पदार्थ जीवके लक्षण ज्ञानके विनाशक पाये जाते हैं। अतः ज्ञानका आवारक पुद्गल स्कन्ध जो प्रवाहरूपसे अनादि बन्धनबद्ध है वह ज्ञानावरणीय कर्म कहलाता है।

दर्शनावरणीयं ॥६॥

दर्शन गुणको जो आवारण करता है वह दर्शनावरणीय कर्म है। जो पुद्गलस्कन्ध मिथ्यात्व असंयम कषाय और योगके द्वारा कर्मरूपसे परिणत होकर जीवके साथ सम्बन्धको प्राप्त है और दर्शनगुणका प्रतिबन्धक है वह दर्शनावरणीय है।

वेदनीयं ॥७॥

जो वेदन या अनुभवन किया जाता है वह वेदनीय कर्म है।

शंका—इस व्युत्पत्तिसे तो सभी कर्मोंके वेदनीय होनेका प्रसंग आता है।

समाधान—यह कोई दोष नहीं है; क्योंकि रूढ़िवश कुशल शब्दकी तरह विवक्षित पुद्गलपुंजमें ही वेदनीय शब्दकी प्रवृत्ति है। अथवा जो वेदन करता है वह वेदनीय कर्म है। जीवके सुख-दुःखके अनुभवनमें कारण जो पुद्गल स्कन्ध मिथ्यात्व आदि प्रत्ययवश कर्मरूप परिणत होकर जीवके साथ सम्बद्ध होता है वह वेदनीय कहाता है।

शंका—उसका अस्तित्व कैसे जाना जाता है ?

समाधान—उसके अभावमें सुख और दुःखरूप कार्य नहीं हो सकते। कार्य कारणके अभाव में नहीं होता ; क्योंकि ऐसा नहीं देखा जाता।

मोहणीयं ॥८॥

जो मोहित किया जाता है वह मोहनीय कर्म है।

शंका—ऐसी व्युत्पत्तिसे जीवके मोहनीय होनेका प्रसंग आता है।

समाधान—ऐसी आशंका नहीं करनी चाहिए ; क्योंकि जीवसे अभिन्न और कर्म संज्ञावाले पुद्गल द्रव्यमें उपचारसे कर्मत्वका आरोप करके उस प्रकारकी व्युत्पत्ति की है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अथवा जो मोहित करता है वह मोहनीय कर्म है।

आउअं ॥९॥

जो भवधारणके प्रति जाता है वह आयुकर्म है। जो पुद्गल मिथ्यात्व आदि कारणोंके द्वारा नरक आदि भवधारण करनेकी शक्तिसे परिणत होकर जीवमें बद्ध होते हैं वे आयु नामक होते हैं।

शंका—उस आयुकर्मका अस्तित्व कैसे जाना जाता है?

समाधान—यदि आयुकर्म न हो तो देह की स्थिति नहीं हो सकती।

णामं ॥१०॥

जो नाना प्रकारकी रचना करता है वह नामकर्म है। शरीर, संस्थान, संहनन, वर्ण, गन्ध आदि कार्योंके करनेवाले जो पुद्गल जीवसे बद्ध हैं वे नाम संज्ञावाले हैं।

गोदं ॥११॥

जो उच्च-नीचकुलका बोध कराता है वह गोत्रकर्म है। उच्च और नीच कुलोंमें उत्पादक जो पुद्गल स्कन्ध मिथ्यात्व आदि कारणोंसे जीवसे सम्बद्ध होता है उसे गोत्र कहते हैं।

अंतरायं चेदि

जो दोके मध्यमें आता है वह अन्तराय है। दान, लाभ, भोग, उपभोग आदिमें विघ्न करनेमें समर्थ पुद्गल स्कन्ध अपने कारणोंसे जीवसे सम्बद्ध होता है उसे अन्तराय कहते हैं।

इस प्रकार मूल प्रकृतियाँ आठ ही हैं, क्योंकि आठ कर्मोंसे उत्पन्न होनेवाले कार्योंसे अतिरिक्त कार्य नहीं पाया जाता। अनन्तानन्त परमाणुओंके समुदायके समागमसे उत्पन्न इन आठ कर्मोंके द्वारा एक-एक जीवके प्रदेशोंमें सम्बद्ध अनन्त परमाणुओंसे अनादिसे सम्बद्ध अमूर्त भी जीव मूर्तताको प्राप्त होकर घूमते हुए कुम्हारके चाककी तरह संसारमें भ्रमण करता है (षट्खं., पु. ६, पृ. ६–१४)।

२. बन्धोदयसत्त्वाधिकार—

दूसरे अधिकारके प्रारम्भमें नेमिनाथ भगवान्‌को नमस्कार करके बन्ध, उदय, सत्त्वसे युक्त स्तवको गुणस्थान और मार्गणाओंमें कहनेकी प्रतिज्ञा की है और उससे आगेकी गाथामें स्तव, स्तुति और धर्मकथाका स्वरूप कहा है।

षट्खण्डागमके अन्तर्गत वेदनाखण्ड पुस्तक ९ में आगमोंमें उपयोगके भेद सूत्र द्वारा इस प्रकार कहे हैं—

'जा तत्थ वायणा वा पुच्छणा वा पडिच्छणा वा परियट्टणा वा अणुपेक्खणा वा थयथुदधम्मकहा वा जे चामण्णे एवमादिया ॥५५॥

इस सूत्रकी धवलाटीकामें कहा है—सब अंगोंके विषयोंकी प्रधानतासे बारह अंगोंके उपसंहारको स्तव कहते हैं। बारह अंगोंमें एक अंगके उपसंहारका नाम स्तुति है। एक अंगके एक अधिकारका नाम धर्मकथा है।

कर्मकाण्ड गाथा ८८ में भी तीनों का यही स्वरूप प्रकारान्तरसे कहा है—समस्त अंगसहित अर्थका विस्तार या संक्षेपसे जिसमें वर्णन होता है उस शास्त्रको स्तव कहते हैं, सो कर्मकाण्डमें बन्ध, उदय, सत्त्वरूप अर्थका कथन समस्त अंगसहित यथायोग्य विस्तार या संक्षेपसे कहा गया है अतः उसे स्तव नाम दिया है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आगे बन्धके चार भेदोंके उत्कृष्ट अनुत्कृष्ट जघन्य अजघन्य भेद किये हैं और उन उत्कृष्ट आदिके भी सादि, अनादि, ध्रुव, अध्रुव भेद किये हैं। आगे उनका स्वरूप कहा है।

अनादि अनन्त—जिस बन्ध या उदयकी परम्पराका प्रवाह अनादिकालसे बिना किसी रुकावटके चला आता है, मध्यमें न कभी व्युच्छिन्न हुआ, न होगा उस बन्ध या उदयको अनादि अनन्त कहते हैं। ऐसा बन्ध या उदय अभंग जीवके ही होता है।

अनादिसान्त—जिस बन्ध या उदयकी परम्पराका प्रवाह अनादिकालसे बिना रुके चले आनेपर भी आगे व्युच्छिन्न होनेवाला है उसे अनादिसान्त कहते हैं। यह भव्यके ही होता है।

सादिसान्त—जो बन्ध या उदय बीचमें रुककर पुनः प्रारम्भ होता है और कालान्तरमें व्युच्छिन्न हो जाता है उसे सादिसान्त कहते हैं। सादि अनन्त भंग घटित नहीं होता; क्योंकि जो बन्ध या उदय सादि होता है वह अनन्त नहीं होता।

इस प्रकरणमें कर्मोंके बन्ध, उदय और सत्त्वका विवेचन गुणस्थानों और मार्गणाओंमें किया गया है। यह विवेचन आठों कर्मोंकी उत्तर प्रकृतियोंको लेकर किया है। भेद विवक्षामें आठों कर्मोंकी प्रकृति संख्या एक सौ अड़तालीस होती है। किन्तु अभेद विवक्षामें बन्ध प्रकृतियोंकी संख्या एक सौ बीस और उदय प्रकृतियोंकी संख्या एक सौ बाईस है। इसका कारण यह है कि स्पर्श, रस, गन्ध, वर्ण नामकर्मके बीस भेदोंमें-से अभेद विवक्षामें चार ही लिये जाते हैं तथा पाँच बन्धन और पाँच संघात नामकर्मोंको शरीर नामकर्ममें सम्मिलित कर लेते हैं। अतः सोलह और दस—छब्बीस प्रकृतियाँ कम हो जाती हैं। तथा बन्ध केवल एक मिथ्यात्वका ही होनेसे बन्ध प्रकृतियोंकी संख्यामें-से सम्यक्मिथ्यात्व और सम्यक्त्व प्रकृति कम हो जाती हैं। अतः उदय प्रकृतियाँ एक सौ बाईस और बन्ध प्रकृतियाँ एक सौ बीस होती हैं।

प्रत्येक गुणस्थानमें प्रकृतियोंकी तीन दशाएँ होती हैं—बन्ध, अबन्ध, बन्धव्युच्छित्ति। उदय, अनुदय, उदयव्युच्छित्ति। सत्त्व, असत्त्व, सत्त्वव्युच्छित्ति।

जिस गुणस्थानमें जितनी प्रकृतियोंका बन्ध, उदय और सत्ता होती है उसमें उतनी बन्ध, उदय, सत्त्वमें रहती हैं। जितनेका बन्ध, उदय, सत्त्व नहीं होता उतनी अबन्ध, अनुदय, असत्त्वमें रहती हैं। और जिन प्रकृतियोंका बन्ध, उदय या सत्ता जिस गुणस्थानसे आगे नहीं होती, उनकी बन्ध, उदय, सत्त्वव्युच्छित्ति उस गुणस्थानमें होती है। जैसे प्रथम गुणस्थानमें एक सौ बीस बन्ध प्रकृतियोंमें-से एक सौ सत्रह का बन्ध होता है, तीनका बन्ध नहीं होता। तथा एक सौ सतरहमें-से सोलह प्रकृतियाँ आगेके गुणस्थानोंमें नहीं बँधती हैं। अतः एक सौ सतरहका बन्ध, तीनका अबन्ध, सोलहको बन्धव्युच्छित्ति कही जाती है।

षट्खण्डागमके तीसरे खण्डका नाम बन्ध स्वामित्व विचय है। जिसका अर्थ होता है—बन्धके स्वामीपनेका विचार। इसका चतुर्थ सूत्र है—

"एदेसिं चोदसण्हं जीवसमासाणं पयडिबन्धवोच्छेदो कादव्वो होदि।"

अर्थ—"इन चौदह गुणस्थानोंमें प्रकृतिबन्धके व्युच्छेदका कथन कर्तव्य है।" इसकी टीका धवलामें यह प्रश्न उठाया है कि यदि यहाँ प्रकृतिबन्धव्युच्छेदका कथन है तो इसका नाम बन्धस्वामित्वविचय कैसे घटित हुआ? उत्तरमें कहा है—"इस गुणस्थानमें इतनी प्रकृतियोंका बन्धव्युच्छेद होता है।" ऐसा कहने-पर उससे नीचेके गुणस्थान उन प्रकृतियोंके बन्धके स्वामी हैं यह सिद्ध होता है।

जैसे सूत्र पाँचमें कहा है—पाँच ज्ञानावरणीय, चार दर्शनावरणीय, यशःकीर्ति, उच्चगोत्र और पाँच अन्तराय, इनका कौन बन्धक है और कौन अबन्धक है?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

छठे सूत्रमें कहा है—मिथ्यादृष्टिसे लेकर सूक्ष्मसाम्पराय उपशामक और क्षपक उक्त प्रकृतियोंके बन्धक हैं। सूक्ष्मसाम्परायके अन्तिम समयमें उक्त प्रकृतियोंके बन्धका विच्छेद होता है अतः ये बन्धक हैं, शेष अबन्धक हैं।

इसी प्रकार सूत्रोंमें प्रत्येक प्रकृतिके बन्ध और अबन्धके सम्बन्धमें प्रश्न और उत्तर किया गया है। इसीके आधारपर गोम्मटसारमें गुणस्थानों और मार्गणाओंमें बन्ध, अबन्ध और बन्धव्युच्छित्तिका विचार किया गया है।

पाँचवें सूत्रकी धवलाटीकामें वीरसेन स्वामीने सूत्रको देशामर्षक मानकर तेईस प्रश्न उठाये हैं और उनका समाधान किया है। वे प्रश्न इस प्रकार हैं—

१. किन प्रकृतियोंकी बन्धव्युच्छित्ति उदयव्युच्छित्तिसे पूर्व होती है ?
२. किन प्रकृतियोंकी उदयव्युच्छित्ति बन्धव्युच्छित्तिसे पूर्व होती है ?
३. किनकी दोनों व्युच्छित्ति एक साथ होती हैं ?
४. अपने उदयमें बन्ध किनका होता है ?
५. परप्रकृतियोंके उदयमें बन्ध किनका होता है ?
६. अपने और परके उदयमें बँधनेवाली प्रकृतियाँ कौन हैं ?
७. सान्तरबन्धी कौन है ?
८. निरन्तरबन्धी कौन है ?
९. सान्तर-निरन्तरबन्धी कौन हैं ?
१०. सनिमित्तक बन्ध किनका होता है ?
११. अनिमित्तक बन्ध किनका है ?
१२. गतिके साथ बँधनेवाली कौन प्रकृतियाँ हैं ?
१३. गतिके बिना बँधनेवाली प्रकृतियाँ कौन हैं ?
१४. कितनी गतिवाले जीव किन प्रकृतियोंके स्वामी हैं ?
१५. कितनी गतिवाले स्वामी नहीं हैं ?
१६. बन्धकी सीमा किस गुणस्थान तक है ?
१७. क्या अन्तिम समयमें बन्धकी व्युच्छित्ति होती है ?
१८. क्या प्रथम समयमें बन्धकी व्युच्छित्ति होती है ?
१९. या बीचके समयमें बन्धकी व्युच्छित्ति होती है ?
२०. किनका बन्ध सादि है ?
२१. किनका बन्ध अनादि है ?
२२. किनका बन्ध ध्रुव है ?
२३. किनका बन्ध अध्रुव है ?

इन प्रश्नोंमें-से वीरसेन स्वामीने विषम प्रश्नोंका उत्तर दिया है। चूँकि बन्धव्युच्छेदका कथन सूत्रोंमें ही है अतः उसे छोड़कर उदयव्युच्छेदका कथन किया है। और उसके अन्तमें एक उपसंहार गाथा दी है—

दस चदुरिगि सत्तारस अट्ठ य तह पंच चेव चउरो य।
छच्छक्क एग दुग दुग चोद्दस उगुतीस तेरसुदय विदी।

यह गाथा कर्मकाण्डके उदय प्रकरणमें है और इसका क्रमांक २६३ है। इस उदयव्युच्छित्तिको

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वर्गके प्रारम्भमें वीरसेन स्वामीने कहा है—मिथ्यात्व आदि दस प्रकृतियोंकी उदयकी व्युच्छित्ति मिथ्यादृष्टि गुणस्थानके अन्तिम समयमें होती है यह महाकर्म प्रकृति प्राभृतका उपदेश है।

चूर्णिसूत्रकर्ता यतिवृषभाचार्यके उपदेशसे मिथ्यात्व गुणस्थानके अन्तिम समयमें पाँच प्रकृतियोंका उदयव्युच्छेद होता है क्योंकि उनके मतसे चार जाति और स्थावर प्रकृतियोंका उदयव्युच्छेद सासादन गुणस्थानमें होता है।

गोम्मटसार कर्मकाण्डमें भी इस मतभेदका कथन है। कर्मकाण्डमें त्रिचूलिकानामक अधिकारके अन्तर्गत नौ प्रश्नचूलिकामें उक्त तेईस प्रश्नोंमें-से नौ प्रश्नोंका कथन है। शेषमें-से कुछका कथन बन्धाधिकार और उदयाधिकारमें है।

इस अधिकारके प्रारम्भमें प्रकृतिबन्धके कथनके पश्चात् स्थितिबन्धका कथन है। यह कथन जीवस्थानकी चूलिकाके अन्तर्गत छठी और सातवीं चूलिकाका ऋणी है। छठी चूलिकामें मूल प्रकृतियों और उत्तर प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट स्थिति, आबाधा तथा निषेक रचनाका कथन है। और सातवीं चूलिकामें उनकी जघन्यस्थिति आदिका कथन है। यथा—

पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, असातावेदनीय, पाँच अन्तरायका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध तीस सागरोपम कोडाकोडी है ॥ ४ ॥

उनका तीस हजार वर्ष आबाधाकाल है ॥ ५ ॥

आबाधाकालसे हीन कर्मस्थिति प्रमाण कर्मनिषेक है ॥ ६ ॥

(—षट्खं. पु. ६, पृ. १४६-१५०)

इसी प्रकार जघन्य स्थिति आदिका भी कथन है।

किन्तु कर्मकाण्डमें संज्ञीपञ्चेन्द्रियसे लेकर असंज्ञीपञ्चेन्द्रिय, चौइन्द्रिय, तेइन्द्रिय, दोइन्द्रिय, एकेन्द्रिय और उनके अवान्तर भेदोंमें जो स्थिति बन्धका निरूपण है वह यहाँ नहीं है। और न स्थिति बन्धके स्वामियोंका कथन यहाँ है।

कर्मकाण्डमें स्थितिबन्धके बाद अनुभाग बन्ध और प्रदेश बन्धका कथन है वह भी यहाँ नहीं है। धवलामें प्रश्न किया गया है कि यहाँ जघन्य और उत्कृष्ट प्रदेशबन्ध तथा अनुभागबन्ध क्यों नहीं कहा? उत्तरमें कहा है—अनुभागबन्ध और प्रदेशबन्धके अविनाभावि प्रकृतिबन्ध और स्थितिबन्धका कथन किये जाने पर उनका कथन स्वतः सिद्ध है। तथा प्रदेशबन्धसे योगस्थान सिद्ध होते हैं। (ये योगस्थान जगत श्रेणिके असंख्यातवें भाग मात्र हैं।) क्योंकि योगके बिना प्रदेशबन्ध नहीं हो सकता।

इस प्रकार प्रकृतिबन्ध और स्थितिबन्धके द्वारा यहाँ चारों ही बन्धका कथन हो जाता है।

पञ्चसंग्रहके शतक नामक चतुर्थ अधिकारमें भी चारों बन्धोंका कथन है। उसमें बन्धके नौ भेद किये हैं—सादिबन्ध, अनादिबन्ध, ध्रुवबन्ध, अध्रुवबन्ध, प्रकृतिस्थानबन्ध, भुजाकारबन्ध, अल्पतरबन्ध, अवस्थितबन्ध और स्वामित्वकी अपेक्षा बन्ध। और क्रमसे उनका कथन किया है। कर्मकाण्डमें आदिके चार भेदोंका कथन तो इसी अधिकारमें किया है। शेषका कथन पाँचवें बन्धोदय सत्त्वयुक्त स्थान समुत्कीर्तन अधिकारमें किया है। सादिबन्ध आदिका निरूपण दोनोंमें समान है। इतना ही नहीं किन्हीं गाथाओंमें भी समानता है। यथा—

साइ अणाइ य धुव अद्धुवो य बंधो दु कम्मछक्कस्स ।
तइए साइयसेसा अणाइ धुवसेसओ आऊ ॥ ३२५ ॥

—पञ्चसंग्रह।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सादि अणादी धुव अद्धुवो य बंधो दु कम्मछक्कस्स ।
तदियो सादि य सेसो अणादि धुव सेसगो आऊ ॥ १२२ ॥

—कर्मकाण्ड ।

पञ्चसंग्रहमें बन्धके नवम भेद स्वामित्वकी अपेक्षा बन्धके कथनमें गुणस्थान और मार्गणाओंमें बन्ध, बन्धव्युच्छित्ति आदिका कथन है । तदनन्तर स्थितिबन्धका कथन है, जैसा कर्मकाण्डके इस दूसरे अधिकारमें है । किन्तु पञ्चसंग्रहसे कर्मकाण्डके कथनमें विशेषता है । कर्मकाण्डमें एकेन्द्रिय आदि जीवोंके होनेवाले स्थितिबन्ध का भी कथन है जो पञ्चसंग्रहमें नहीं है । अनुभागबन्ध और प्रदेशबन्धका कथन पञ्चसंग्रहमें भी है और कर्मकाण्ड उसका ऋणी हो सकता है किन्तु कर्मकाण्डके कथनमें उससे विशेषता भी है । प्रदेशबन्धका कथन करते हुए पञ्चसंग्रहमें तो समय प्रबद्धका विभाग केवल मूल कर्मोंमें ही कहा है किन्तु कर्मकाण्डमें उत्तर-प्रकृतियोंमें भी कहा है । तथा प्रदेशबन्धके कारणभूत योगके भेदों और अवयवोंका भी कथन किया है यह कथन पञ्चसंग्रहमें नहीं है । इस प्रकरणमें पञ्चसंग्रहकी कई गाथाएँ संगृहीत हैं ।

उदयप्रकरणमें कर्मोंके उदय उदीरणा आदिका कथन गुणस्थान और मार्गणाओंमें है । प्रत्येक गुणस्थान और मार्गणामें प्रकृतियोंके उदय, अनुदय उदयव्युच्छित्तिका कथन है । सत्त्व प्रकरणमें भी गुणस्थान और मार्गणाओंमें प्रकृतियोंके सत्त्व, असत्त्व और सत्त्वव्युच्छित्तिका कथन है । मार्गणाओंमें बन्ध, उदय,सत्त्वादिका कथन अन्यत्र नहीं मिलता । आचार्य नेमिचन्द्रने उसे स्वयं फलित करके लिखा प्रतीत होता है । उदय और सत्त्व प्रकरणकी अन्तिम गाथामें इसकी झलक मिलती है । यथा—

कम्मेवाणाहारे पयडीणं उदयमेवमादेसे ।
कहियमिणं बलमाहवचंदच्चियणेमिचंदेण ॥ ३३२ ॥
कम्मेवाणाहारे पयडीणं सत्तमेवमादेसे
कहियमिणं बलमाहवचंदच्चियणेमिचंदेण ॥ ३५६ ॥

—कर्मकाण्ड ।

अर्थात् यह कथन आचार्यनेमिचन्द्र सिद्धान्त चक्रवर्तीने किया है ।

३. सत्त्वस्थान भंगाधिकार—

तीसरे अधिकारका नाम सत्त्वस्थान भंगाधिकार है । इसकी प्रथम गाथामें जिसका क्रमांक ३५८ है, भगवान् महावीरको नमस्कार करके सत्त्वस्थानको भंगोंके साथ कहनेकी प्रतिज्ञा की है । और आगेकी गाथामें कहा है—पिछले अधिकारके अन्तमें जो सत्त्वस्थानका कथन किया है वह आयुके बन्ध और अबन्धका भेद न करके किया है । इस अधिकारमें भंगके साथ कथन है ।

एक समयमें एक जीवके संख्याभेदको लिये हुए जो प्रकृति समूहका सत्त्व पाया जाता है उसे स्थान कहते हैं । और समान संख्यावाली प्रकृतियोंमें जो प्रकृतियोंका परिवर्तन होता है उसे भंग कहते हैं । जैसे किन्हीं जीवोंके मनुष्यायु देवायुके साथ एक सौ पैंतालीसका सत्त्व पाया जाता है और किन्हीं जीवोंके तिर्यंचायु नरकायुके साथ एक सौ पैंतालीसका सत्त्व पाया जाता है । यहाँ भंगभेद होता है । एक जीवके दो आयुकी सत्ता रह सकती है । एक आयु भुज्यमान—जो वह भोग रहा है, एक आयु बध्यमान—जो उसने आगामी भवकी बाँधी है । जिसने अभी परभवकी आयुका बन्ध नहीं किया उसके एक भुज्यमान आयुकी सत्ता रहती है ।

देवगतिमें और नरकगतिमें मनुष्य और तिर्यंच दो ही आयुका बन्ध होता है । मनुष्य और तिर्यंचोंमें चारों आयुका बन्ध हो सकता है । किन्तु सम्यग्दृष्टि मनुष्य और तिर्यंच देवायुका ही बन्ध करते हैं । तथा

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सम्यग्दृष्टि देव और नारकी मनुष्यायुका ही बन्ध करते हैं। जिस स्थानमें चारों आयुकी सत्ता रहती है उसमें चारों आयुके बन्धको लेकर बारह भंग बद्धायुके होते हैं—यथा

१. भुज्यमान नरकायु बध्यमान मनुष्यायु।
२. भुज्यमान नरकायु बध्यमान तिर्यंचायु।
३. भुज्यमान तिर्यंचायु बध्यमान नरकायु।
४. भुज्यमान तिर्यंचायु बध्यमान तिर्यंचायु।
५. भुज्यमान तिर्यंचायु बध्यमान मनुष्यायु।
६. भुज्यमान तिर्यंचायु बध्यमान देवायु।
७. भुज्यमान मनुष्यायु बध्यमान नरकायु।
८. भुज्यमान मनुष्यायु बध्यमान तिर्यंचायु।
९. भुज्यमान मनुष्यायु बध्यमान मनुष्यायु।
१०. भुज्यमान मनुष्यायु बध्यमान देवायु।
११. भुज्यमान देवायु बध्यमान मनुष्यायु।
१२. भुज्यमान देवायु बध्यमान तिर्यंचायु।

इनमेंसे जिन भंगोंमें दोनों आयु समान हैं केवल भुज्यमान और बध्यमानका ही भेद वे भंग पुनरुक्त होनेसे अपुनरुक्त पाँच ही भंग बद्धायुके होते हैं। और अबद्धायुके चार आयुकी अपेक्षा चार भंग होते हैं। इस प्रकार प्रत्येक गुणस्थानमें स्थानों और भंगोंका कथन इस अधिकारमें है।

इस अधिकारकी अन्तिम गाथामें ग्रन्थकारने कहा है—इन्द्रनन्दि गुरुके पासमें सकल सिद्धान्तको सुनकर कनकनन्दी गुरुने सत्त्वस्थानका कथन किया।

स्व. पं. जुगल किशोरजी मुख्तारने पुरातन वाक्यसूची (पृ. ७२-७४) की प्रस्तावनामें लिखा है कि उक्त सत्त्वस्थान ग्रन्थ विस्तरसत्त्व त्रिभंगीके नामसे आराके जैन सिद्धान्तभवनमें मौजूद है। उसमें साफ तौरपर इन्द्रनन्दिको ही गुरुरूपसे उल्लेखित किया है। इस सत्त्वस्थानको नेमिचन्द्रने अपने गोम्मटसारमें प्रायः ज्योंका त्यों अपनाया है। आराकी उक्त प्रतिके अनुसार प्रायः ८ गाथाएँ छोड़कर मंगलाचरण और अन्तिम गाथा सहित सब गाथाओंको अपने ग्रन्थका अंग बनाया है। कहीं-कहीं भेद भी है। उक्त प्रस्तावनामें उसका विवरण देखा जा सकता है। इस तरह यह अधिकार कनकनन्दिके उक्त सत्त्वत्रिभंगीका ऋणी है।

४. त्रिचूलिकाधिकार—

इस अधिकारमें तीन चूलिकाएं हैं—नवप्रश्नचूलिका, पंचभागहारचूलिका, और दशकरणचूलिका। पहली नौ प्रश्नचूलिकामें नौ प्रश्नोंका समाधान किया है। ये नौ प्रश्न इस प्रकार हैं—१. उदय व्युच्छित्तिके पहले बन्धकी व्युच्छित्ति किन प्रकृतियोंकी होती है। २. उदयव्युच्छित्तिके पीछे बन्धकी व्युच्छित्ति किन प्रकृतियोंकी होती है? ३. उदयव्युच्छित्तिके साथ बन्धकी व्युच्छित्ति किन प्रकृतियोंकी होती है। ४. अपने उदयमें बँधनेवाली प्रकृतियाँ कौन हैं, ५. अन्यके उदयमें बँधनेवाली प्रकृतियाँ कौन हैं? ६. अपने तथा परके उदयमें बँधनेवाली प्रकृतियाँ कौन हैं? ७. निरन्तर बँधनेवाली प्रकृतियाँ कौन हैं? ८. जिनका सान्तरबन्ध होता है वे प्रकृतियाँ कौन हैं? ९. जिनका निरन्तर बन्ध भी होता है और सान्तरबन्ध भी, वे प्रकृतियाँ कौन हैं। इन नौ प्रश्नोंका उत्तर इस चूलिकामें दिया है।

प्रा० पंचसंग्रहके तीसरे अधिकारके अन्तमें नौ प्रश्नचूलिका आती है। तथा षट्खण्डागमके अन्तर्गत तीसरे खण्ड बन्धस्वामित्व विचयकी धवला टीकामें (पु. ८, पृ. ७–१७) उक्त नौ प्रश्न उठाकर उनका

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

समाधान किया है। तथा उनके समर्थनमें कुछ आर्ष गाथाएँ भी दी हैं। उन्हींके आधारसे यह नौ प्रश्न चूलिका ली गयी प्रतीत होती है।

पंच भागहार चूलिकामें उद्वेलन, विध्यात, अधःप्रवृत्त, गुणसंक्रम और सर्वसंक्रम इन पाँच भागहारोंका कथन है। इन भागहारोंके द्वारा शुभाशुभकर्म जीवके परिणामोंका निमित्त पाकर अन्य प्रकृतिरूप परिणमन करते हैं। जैसे शुभ परिणामोंके निमित्तसे पूर्वबद्ध असातावेदनीय कर्म सातावेदनीय रूप परिणत हो जाता है। किस-किस प्रकृतिमें कौन-कौन भागहार सम्भव हैं और किस-किस भागहारकी कौन-कौन प्रकृतियाँ हैं यह सब कथन भी है। चूँकि पाँचो भागहार एक भाजक राशिके समान हैं अतः उनका परस्परमें अल्पबहुत्व भी बतलाया है। पंचसंग्रहमें यह कथन नहीं है।

तीसरी दशकरण चूलिकामें बन्ध, उत्कर्षण, अपकर्षण, संक्रमण, उदीरणा, सत्ता, उदय, उपशम, निवृत्ति, निकाचना इस दस करणोंका कथन किया है और बतलाया है कि कौन करण किस गुणस्थान तक होता है। कर्मपरमाणुओंका आत्माके साथ सम्बद्ध होना बन्ध है। यह सबसे पहली क्रिया है। करण नाम क्रियाका है। इसके बिना आगेका कोई करण नहीं होता। कर्मकी दूसरी क्रिया या अवस्था उत्कर्षण है। स्थिति और अनुभागके बढ़नेको उत्कर्षण कहते हैं। तीसरा करण अपकर्षण उससे विपरीत है, अर्थात् स्थिति और अनुभागके घटनेको अपकर्षण कहते हैं। बन्धके बाद ही ये दोनों करण होते हैं। किसी अशुभकर्मका बन्ध होनेके पश्चात् यदि जीव शुभपरिणाम करता है तो पूर्व बद्ध कर्ममें स्थिति अनुभाग घट जाता है। इसी तरह अशुभकर्मकी जघन्य स्थिति बाँधकर यदि कोई और भी अधिक पापकार्यमें रत रहता है तो उसकी स्थिति अनुभाग बढ़ जाता है। बँधनेके बाद कर्मके सतामें रहनेको सत्त्वकरण कहते हैं। कर्मका अपना फल देना उदय है। नियत समयसे पूर्वमें फलदानको उदीरणा कहते हैं। उदीरणासे पहले अपकर्षण द्वारा कर्मकी स्थितिको घटा दिया जाता है। यदि कोई व्यक्ति पूरी आयु भोगे बिना असमयमें ही मर जाता है तो उसे आयुकर्मकी उदीरणा कहते हैं। एक कर्मका दूसरे सजातीय कर्मरूप होनेको संक्रमण करण कहते हैं। संक्रमण मूल कर्म-प्रकृतियोंमें नहीं होता अर्थात् न ज्ञानावरण दर्शनावरणरूप या किसी अन्यकर्मरूप होता है और न दर्शनावरण या मोहनीय आदि ज्ञानावरणरूप होते हैं। किन्तु एक कर्मके अवान्तर भेदोंमेंसे एक भेद अन्य सजातीय प्रकृतिरूप हो सकता है। जैसे सातावेदनीय असातावेदनीयरूप और असातावेदनीय सातावेदनीय रूप हो जाता है। किन्तु आयुकर्मके भेदोंमें संक्रमण नहीं होता। नरककी आयु बाँध लेनेपर मरकर नरकमें ही जन्म लेना होगा।

कर्मका उदयमें आनेके अयोग्य होना उपशम है। उसमें संक्रमण और उदयका न हो सकना निधत्ति है। और उत्कर्षण अपकर्षण संक्रमण उदयका न हो सकना निकाचना है। कर्मोंमें-ये दसकरण होते हैं। ये सब जीवके भावोंपर ही अवलम्बित हैं। अन्य किसीका इनमें कर्तृत्व नहीं है।

५. बन्धोदयसत्त्वयुक्तस्थानसमुत्कीर्तन—

एक जीवके एक समयमें जितनी प्रकृतियोंका बन्ध, उदय, सत्त्व सम्भव है उनके समूहका नाम स्थान है। इस अधिकारमें पहले आठों मूलकर्मोंको लेकर और फिर प्रत्येक कर्मकी उत्तर प्रकृतियोंको लेकर बन्ध स्थानों, उदय स्थानों और सत्त्व स्थानोंका कथन है। जैसे मूल कर्मोंका कथन करते हुए कहा है कि तीसरे गुणस्थानके सिवाय अप्रमत्त पर्यन्त छह गुणस्थानोंमें एक जीवके आयुकर्मके बिना सातका अथवा आयुकर्म सहित आठका बन्ध होता है। तीसरे, आठवें और नौवें गुणस्थानमें आयुके बिना सात कर्मोंका बन्ध होता है। दसवें गुणस्थानमें आयु और मोहनीयके बिना छह ही कर्मोंका बन्ध होता है। ग्यारहवें आदि तीन गुणस्थानोंमें एक वेदनीय कर्मका ही बन्ध होता है। और चौदहवें गुणस्थानमें एक भी कर्मका बन्ध नहीं होता। अतः आठ कर्मोंके चार बन्ध स्थान हैं—आठ प्रकृतिक, सात प्रकृतिक, छह प्रकृतिक, एक प्रकृतिक।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इसी तरह दसवें गुणस्थान तक आठों कर्मोंका उदय होता है। ग्यारहवें और बारहवें गुणस्थानमें मोहनीयके बिना सात कर्मोंका उदय होता है। तेरहवें और चौदहवें गुणस्थानमें चार कर्मोंका उदय होता है। अतः आठ कर्मोंके तीन उदयस्थान होते हैं—आठ प्रकृतिक, सात प्रकृतिक और चार प्रकृतिक।

ग्यारहवें गुणस्थान तक आठों कर्मोंकी सत्ता रहती है। बारहवें गुणस्थानमें मोहनीयके बिना सात कर्मोंकी सत्ता रहती है। तेरहवें तथा चौदहवें गुणस्थानमें चार कर्मोंकी सत्ता रहती है। अतः आठों कर्मोंके तीन सत्त्व स्थान हैं—आठ प्रकृतिक, सात प्रकृतिक और चार प्रकृतिक। इसी तरहका कथन प्रत्येक कर्मके विषयमें किया गया है। आठों कर्मोंमें-से वेदनीय, आयु और गोत्रकर्मकी उत्तरप्रकृतियोंमें-से एक जीवके एक समयमें एक ही प्रकृतिका बन्ध होता है और एकका ही उदय होता है। तथा ज्ञानावरण और अन्तरायकी पाँचों प्रकृतियोंका एक साथ बन्ध, उदय और सत्त्व होता है। अतः इनको छोड़कर शेष दर्शनावरणीय, मोहनीय और नामकर्ममें बन्धस्थानों, उदयस्थानों और सत्त्वस्थानोंका कथन बहुत विस्तारसे किया है।

प्रत्येकके कथनके पश्चात् त्रिसंयोगी भंगोंका कथन है अर्थात् बन्धमें उदय-सत्त्व, उदयमें बन्ध और सत्त्व, और सत्त्वमें बन्ध और उदयका कथन किया है। फिर बन्धादिमेंसे दो को आधार और एकको आधेय बनाकर कथन किया है। पंचसंग्रहके अन्तर्गत शतक और सप्ततिका अधिकारमें भी उक्त कथन है। कर्मकाण्डका उक्त कथन उसका ऋणी हो सकता है। कुछ गाथाएँ भी दोनोंमें समान हैं।

इस प्रकरणमें प्रसंगवश आगत कर्मविषयक अन्य भी ज्ञातव्य विषय हैं। यह अधिकार बहुत विस्तृत है। इसमें ३३४ गाथाएँ हैं।

६. प्रत्ययाधिकार—

इस अधिकारमें कर्मबन्धके कारणोंका कथन है। मूल कारण चार हैं—मिथ्यात्व, अविरति, कषाय और योग और इनके भेद क्रमसे पाँच, बारह, पच्चीस और पन्द्रह सब मिलकर सत्तावन होते हैं। इन्हीं मूल और उत्तर प्रत्ययोंका कथन गुणस्थानोंमें किया गया है कि किस गुणस्थानमें बन्धके कितने प्रत्यय होते हैं। और उनके भंगोंका भी कथन है। प्रा. पंचसंग्रहके शतकाधिकारके प्रारम्भमें यह कथन बहुत विस्तारसे है। कर्मकाण्डमें केवल पच्चीस गाथाओंमें है तो पंच संग्रहमें सवा सौ गाथाओंमें। प्रारम्भकी दो मूल गाथाएँ दोनों ग्रन्थोंमें समान हैं। उनमें कहा है 'प्रथम गुणस्थानमें उक्त चारों प्रत्ययोंसे कर्मबन्ध होता है। बादके तीन गुणस्थानोंमें मिथ्यात्वको छोड़ शेष तीन प्रत्ययोंसे कर्मबन्ध होता है। पाँचवें गुणस्थानमें एक देश असंयम कषाय और योगसे कर्मबन्ध होता है। उससे ऊपरके पाँच गुणस्थानोंमें कषाय और योगसे कर्मबन्ध होता है। ग्यारहवें, बारहवें, तेरहवें, गुणस्थानमें केवल योगसे कर्मबन्ध होता है।

